मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 12 मार्च 2026
संवत 2082, चैत्र कृष्ण 9 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 176, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ जहां से सिंथेटिक ड्रग्स की शुरुआत, वहीं से मुकाबला





फिल्मों में बढ़ते खून-खराबे के ट्रेंड पर नाराज हुई करीना कपूर खान 6


राहत की खबर,होर्मुज से गुजरेंगे भारतीय टैंकर

# विदेश मंत्री जयशंकर और अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत



**नई दिल्ली/तेहरान:** दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों को लेकर मचे हाहाकार के बीच ईरान ने भारत को खास राहत दी है। ईरान ने भारत के झंडे वाले तेल टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दे दी है। जानकारी के मुताबिक ईरान ने भारत को यह सहूलियत विदेश मंत्री एस जयशंकर की दखलंदाजी के बाद दी है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बातचीत के बाद ईरान ने यह फैसला लिया है।

ईरान की तरफ से मिली इस राहत के बाद कथित तौर पर 2 भारतीय तेल टैंकरों पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजरे हैं। इससे पहले एक अन्य तेल टैंकर जिसका कैप्टन भारतीय बताया जा रहा है, वह भी होर्मुज से पार हो गया है। यह जहाज युद्ध शुरू होने के बाद से इस मार्ग को पार कर भारत आने वाला पहला जहाज है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी अरब का कच्चा तेल ले जा रहा यह लाइबेरिया के झंडे वाला टैंकर दो दिन पहले होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा और फिलहाल मुंबई पोर्ट पर रुका है।

## जल्द खत्म होगा ईरान-अमेरिका युद्ध! राष्ट्रपति पेजेशकियन ने ट्रंप के सामने रखी तीन शर्तें



**नई दिल्ली:** ईरान और अमेरिका-इजरायल के संघर्ष ने पिछले 13 दिनों से पश्चिमी एशिया को सुलगाया हुआ है। इस बीच, ईरान की ओर से युद्ध समाप्ति की दिशा में सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। ईरानी सरकार ने संघर्ष को खत्म करने के लिए तीन महत्वपूर्ण शर्तें रखी हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शर्तें बताते हुए कहा कि किसी भी प्रस्ताव में ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता दी जानी चाहिए और यह गारंटी दी जानी चाहिए कि भविष्य में देश पर कोई हमला नहीं होगा। साथ ही, युद्ध के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है।

पेजेशकियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा, रूस और पाकिस्तान के नेताओं से बात करके, मैंने इस इलाके में शांति के लिए ईरान के वादे को फिर से पक्का किया। यहूदी शासन और अमेरिकी सरकार द्वारा शुरू की गई इस लड़ाई को खत्म करने का एकमात्र तरीका ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता देना, हर्जाना देना और भविष्य में हमलों के खिलाफ पक्की अंतर्राष्ट्रीय गारंटी प्रदान करना है।

ईरान ने संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी स्थिति को और अधिक स्पष्ट किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में महत्वपूर्ण मोड़ ला सकता है।

कोडरमा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## 15 हजार रुपये घूस लेते दारोगा रंगेहाथ गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**कोडरमा:** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदवारा थाना में पदस्थापित दारोगा पवन कुमार राम को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि दारोगा ने एक मामले में कार्रवाई के नाम पर कुल एक लाख रुपये घूस की मांग की थी।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित प्रेमचंद नायक से दारोगा पवन कुमार राम ने मामले को मैनेज करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। इसको लेकर पीड़ित ने हजारीबाग एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की योजना बनाई।

गुरुवार को एसीबी की टीम पहले से ही चंदवारा थाना के आसपास तैनात थी। जैसे ही पीड़ित ने दारोगा को 15 हजार रुपये की रिश्वत दी, पहले से घात लगाए एसीबी की टीम ने तुरंत



कार्रवाई करते हुए उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने दारोगा के हाथ धुलवाए, जिसमें केमिकल की प्रतिक्रिया के कारण पानी का रंग बदल गया। इसके बाद दारोगा को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए अपने साथ ले जाया गया।

एसीबी की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। फिलहाल एसीबी की टीम आरोपी दारोगा से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद मुश्किलों में घरे हार्दिक पांड्या

## तिरंगे के अपमान का लगा आरोप, शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली :** भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एक नए विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने की है, जिन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर क्रिकेटर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की अपील की है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक शिकायत बेंगलुरु के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, जबकि एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार शिकायत पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने हार्दिक पांड्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि भारत की जीत के बाद खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इनमें हार्दिक पांड्या कंधे पर तिरंगा लपेटकर मैदान में दौड़ते और डांस करते दिखाई दे रहे हैं।



वकील का आरोप है कि एक वीडियो में पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे हुए दिखाई देते हैं, जबकि उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा लिपटा हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह का व्यवहार राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा के खिलाफ है।

वाजिद खान बिडकर का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए कानून भी मौजूद है। उन्होंने अपनी शिकायत में राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े कानून का हवाला दिया है। उन्होंने कहा, टी20 वर्ल्ड कप के बाद जश्न के दौरान हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डांस कर रहे थे और उनके पीछे राष्ट्रीय ध्वज बंधा हुआ था। 1971 के राष्ट्रीय ध्वज कानून की धारा दो के अनुसार हमें तिरंगे की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। लेकिन जश्न के दौरान वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लेटे हुए थे और उस समय भी राष्ट्रीय ध्वज उनके शरीर पर था। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।

बिडकर ने बताया कि जब वह शिकायत दर्ज कराने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन पहुंचे तो पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए वहीं शिकायत करनी चाहिए। हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे देश का प्रतीक है और उसकी गरिमा से जुड़ा मामला कहीं भी उठाया जा सकता है।

## बिजली मीटर बनाने वाली कंपनी में लगी भीषण आग, 24 कर्मचारी घायल

**नोएडा:** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर चार स्थित एक बिजली मीटर बनाने वाली कंपनी में गुरुवार को भीषण आग लगने से करीब 24 कर्मचारी घायल हो गए। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में उसने विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में काले धुएं का घना गुब्बार फैल गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस उच्चाधिकारी ने आज सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नोएडा फेस वन थाना क्षेत्र के बी-चालीस, सेक्टर-चार स्थित कैपिटल पावर सिस्टम लिमिटेड कंपनी में बिजली मीटर बनाने का काम होता है। सुबह अचानक अज्ञात कारणों से कंपनी परिसर में आग लग गई। उस समय कंपनी



के अंदर करीब दो सौ से अधिक कर्मचारी काम कर रहे थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई।


घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीस से अधिक गाड़ियां, हाइड्रोलिक मशीनें और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए फैक्ट्री में फंसे कर्मचारियों को विभिन्न माध्यमों से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। आग की चपेट में आने और धुएं के कारण कंपनी के करीब 24 कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और वे अस्पताल में उपचाराधीन हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी और गौतमबुद्धनगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सीएफओ भी मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है। हालांकि आग पूरी तरह बुझने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्रशासन ने आसपास के इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बढ़ा दी है।

अविश्वास प्रस्ताव पर ओम बिरला

## लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका, नियम सबसे ऊपर

**नई दिल्ली :** लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों।

ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का



संकल्प मजबूत होता है।

**हर सदस्य का आभारी हूं-ओम बिरला :** उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है। 'नियमों के तहत बोलने का अधिकार': ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मयार्दा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। चेयर के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस चेयर पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है।सभी महिला सदस्यों ने अपनी बात रखीः ओम बिरला ने कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी आरोप लगाया गया कि उन्हें मौका कम दिया जाता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। निलंबन का विषय भी कुछ सदस्यों ने उठाया है। मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है।



### शब्बीर अहमद शाह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत
### टेरर फंडिंग केस में 2019 से जेल में थे

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं।

गैस किल्लत पर खड़गे का पीएम पर निशाना, कहा-

## बहुत हुई मन की बात, मोदी जी संसद में आकर करिए मुद्दे की बात

**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कूटनीतिक रूप से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं। खड़गे ने एलपीजी संकट को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया और कहा कूटनीति की विफलता गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी



का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है। उन्होंने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए लिखा नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई मन की बात जरा संसद में आकर करिए मुद्दे की बात।

# झारखंड में एसआईआर को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

संवाददाता

**रांची:** झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारी ऑनलाइन शामिल हुए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि एक ही



घर में रहने वाले सभी मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर हो, ताकि उन्हें मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का नाम और मोबाइल नंबर अंकित स्टिकर मतदाताओं के घरों पर लगाए जाएंगे। इससे मतदाताओं को अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घरों पर लगाए जाने वाले स्टिकर पर उस मकान का हाउस नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। जिन मकानों का हाउस नंबर नहीं है, उन्हें नोशनल नंबर देकर चिन्हित किया जाए, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सही जानकारी मिल सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए, क्योंकि इसके बाद तैयार होने वाली सूची स्थायी दस्तावेज के रूप में उपयोग की जाती है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निर्वाचन से संबंधित कोई भी पद रिक्त नहीं रहना चाहिए। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नियुक्त बीएलओ का प्रशिक्षण समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं के फोटो खींचने की प्रक्रिया भी सिखाई जाए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के ट्रेनिंग नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर और अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के संबंधित अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।



## दो दिन से चला आ रहा झारखंड आन्दोलनकारियों का धरना- प्रदर्शन समाप्त

**मुरी:** सरकार से वातचीत के बाद झारखंड आन्दोलनकारियों का विधानसभा के समक्ष दो दिन से चला आ रहा धरना- प्रदर्शन समाप्त हो गया। आन्दोलन के संस्थापक पुष्कर महतो,जिला अध्यक्ष सुबोध लकड़ा, रतन महतो, रोजलिन तिर्की, लक्ष्मी महतो के नेतृत्व में झारखंड के आए आन्दोलनकारियों द्वारा विधान सभा के समक्ष धरना- प्रदर्शन रखा गया। जिसमें सभी आन्दोलनकारियों ने परम्परागत हथियारों एवं झंडे बैनर तले मुख्य मांग आन्दोलनकारियों का पेशन लागू करो, नौकरियों में उनके आश्रितों का आरक्षण सुनिश्चित करो का नारा लगाया। लड़ कर लिए है झारखंड, लड़ कर लेगे पेंशन, जय जय झारखंड के जोरदार नारे गूंजते रहे। धरना- प्रदर्शन में झारखंड के विभिन्न जिलों के आदिवासी एवं मूलवासी भाई-बहन अपनी मांगों को लेकर रात भर सड़कों पर पडे.रहे। ढोल, नगाड़े एवं परम्परिक नाच गान से सरकार एवं अपने भाई बहनों को सामूहिक गीत 'जागा रे जागा भाई बहन मन, के माध्यम से गाकर जगाने का काम किया। जिसमें काफी संख्या में आदिवासी मूलवासी भाई - बहन एकता के साथ डटे रहे। सिल्ली- मुरी से दिनेश चौधरी, रामा कान्त विश्वकर्मा, सनातन महतो, बेडो से धनेश्वर धान समेत काफी संख्या में आन्दोलनकारी बैनर लेकर, नारा लगाते हुए विधानसभा के समक्ष पहुंचे। रतन महतो ने आन्दोलनकारियों के मांगो को लेकर सरकार के समक्ष डू एंड डाई का आह्वान तक कर दिया। कई वक्ताओं ने कहा कि आन्दोलनकारियों का आन्दोलन बेकार नहीं जाएगा। जब झारखंड लड़ कर ले सकते हैं तो अपनी मांग भी लड़ कर लेगे।

## खड़े ट्रक से छह पीस एक्साइड बैटरी की चोरी

**रातू:** थाना क्षेत्र के हाजी चौक के पास खड़े एक ट्रक से अज्ञात चोरों ने छह पीस एक्साइड बैटरी की चोरी कर ली। इस संबंध में ट्रक मालिक ने रातू थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इटकी थाना क्षेत्र के रानीखटंगा बेलचंद टोली निवासी अब्दुल मोतल्लीव अंसारी ने बताया कि उनकी ट्रक संख्या सीजी 04 एलयू 6813 को ड्राइवर साहिल अंसारी पिता रज्जाक अंसारी चला रहा था। ट्रक में 28 फरवरी 2026 को हल्दिया (कोलकाता) से 300 पीस एक्साइड बैटरी लोड कर तुपुदाना में खाली करने के लिए लाया जा रहा था। होली को लेकर बंद होने के कारण चार मार्च को ट्रक को हाजी चौक के पास खड़ा कर ड्राइवर साहिल अंसारी अपने घर चला गया। पांच मार्च को जब वह ट्रक लेकर अनलोड करने के लिए पहुंचा, तो ट्रक की खिड़की खुली मिली। बैटरियों की गिनती करने पर छह पीस एक्साइड बैटरियां गायब थीं। घटना को लेकर ट्रक मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रातू थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।


## दुलमी गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात



**राहे:** प्रखंड क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत अंतर्गत दुलमी गांव में बुधवार रात फुललू कोइरी, राजेंद्र मेहता के खेत में लगे सब्जी फसल को मन भर खाया ओर रौंद दिया है।

पंचायत के किसान इन दिनों हाथियों के उत्पात से काफी परेशान है। जंगली हाथी प्रतिदिन रात में गांव में घूस कर किसानों के खेतों में लगी सब्जी की फसल को बर्बाद कर रहे है। किसान राजेंद्र मेहता ने बताया कि हाथियों के द्वारा प्रतिदिन सब्जी की फसल नुकसान किया जाता है। इसकी लिखित सूचना वन विभाग को दिया गया लेकिन वन विभाग कोई पहल नहीं करता। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथी भागने के लिए टीम बनाया गया है।

## पुरानी रांची में जलजमाव से फूटा लोगों का गुस्सा सांसद-विधायक व नगर आयुक्त का फूंका पुतला



**रांची:** राजधानी रांची की सबसे पुरानी बस्तियों में से एक पुरानी रांची के कुम्हार टोली इलाके में जलजमाव की गंभीर समस्या को लेकर सैकड़ों स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। नाराज लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रांची सांसद, विधायक और नगर निगम आयुक्त का पुतला जलाकर अपना आक्रोश जताया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर हाल ही में बाउंड्री वॉल बनाई गई है, वहीं से वर्षों से इलाके के पानी की प्राकृतिक निकासी होती थी। बाउंड्री बनने के बाद पानी का रास्ता बंद हो गया है, जिसके कारण इलाके में एक से दो फीट तक पानी जमा रहने लगा है। सड़क पर गंदा पानी और बदबू फैल गई है, वहीं कई घरों और दुकानों में भी पानी घुस गया है। इससे बच्चों समेत कई लोग बीमार पड़ने लगे हैं।जलजमाव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पिछले चार महीनों से कई दुकानें बंद पड़ी हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाली के पानी की प्राकृतिक निकासी को दीवार बनाकर बंद कर दिया गया है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इतना ही नहीं, यह पानी जमीन के अंदर रिसकर पेयजल को भी दूषित कर रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

समाजिक कार्यकर्ता एस अली ने कहा कि रांची नगर निगम नियमविरुद्ध बनी दीवार के सामने बेबस नजर आ रहा है। उनका आरोप है कि एक प्रभावशाली भाजपा नेता और बिल्डर के प्रोजेक्ट की दीवार ने पानी के बहाव को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम हर सप्ताह सफाई पर हजारों रुपये खर्च कर रहा है, जबकि समाधान सिर्फ एक घंटे का काम है—दीवार हटाकर प्राकृतिक बहाव को फिर से शुरू करना चाहिये। उन्होंने बताया कि यह सड़क मेन रोड और हरमू वीआईपी रोड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। जलजमाव के कारण स्थानीय दुकानदार बर्बाद हो रहे हैं और छात्र-छात्राओं तथा राहगीरों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासी उमेश वर्मा और विजय सिंह ने बताया कि यहां जमे गंदे पानी की वजह से वे पिछले चार-पांच दिन से बीमार थी. डॉक्टर को दिखाने के बाद तबियत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि धार्मिक त्योहार चल रहा कुछ दिन बाद ईद सरहुल और रामनवमी आने वाली है ऐसे स्थिति में श्रद्धालु कैसे आना जाना होगा। स्थानीय निवासी पंकज वर्मा और रविन्दर प्रजापति ने कहा कि सैकड़ों बार निगम के अधिकारियों और पार्षद, विधायक, सांसद को इसकी जानकारी दी जा चुकी है। लेकिन एक नाली का निर्माण कराने में असफल है।

### रमजान के मौके पर रांची में कांग्रेस की इफ्तार पार्टी

## नेताओं ने राज्य में शांति और भाईचारे की मांगी दुआ



संवाददाता

**रांची:** रमजान के पवित्र महीने के मौके पर बीते बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस भवन में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में कांग्रेस और गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

**नेताओं ने राज्य में शांति और भाईचारे की मांगी दुआ:** दरअसल, बीते बुधवार को रांची में प्रदेश कांग्रेस भवन में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने किया। इफ्तार में झारखंड की खुशहाली, शांति और आपसी सौहार्द्र के लिए दुआ की गई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और जेएमएम के मंत्री हफीजुल हसन समेत गठबंधन के कई नेता मौजूद रहे।

**रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना:** इफ्तार पार्टी के दौरान रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने सभी मेहमानों और रोजेदारों का टोपी और गमछा देकर स्वागत किया। इफ्तार से पहले मौलवी ने दुआ पढ़ी और झारखंड में शांति, अमन और तरक्की के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मंजूर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस भवन में आयोजित इफ्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सभी धर्म और समाज के लोग मिलकर त्योहार मनाते हैं, यही हमारी साझा संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना होता है और इस दौरान रोजा रखकर इबादत के साथ जरूरतमंदों की मदद करना भी इस्लाम की अहम शिक्षा है।

**रोजा रखने से आत्मिक शुद्धि होती है :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि रमजान का महीना संयम, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। रोजा रखने से आत्मिक शुद्धि होती है और स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु, राजन वर्मा, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीष पौल मुंजनी, सोनाल शांति, राकेश किरण महतो, सूर्यकांत शुक्ला, सतीश केडिया, उमेश गुप्ता, अख्तर अली, मो हसनैन, अब्दुल कादरी, मो फिरोज, मो सफार और शहीद अंसारी समेत रांची शहर के सैकड़ों रोजेदार मौजूद रहे।

### यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी बैठक

## संगठन विस्तार के साथ कई पदों पर की गयी नियुक्ति



संवाददाता

**खूंटी:** परिसदन भवन, खूंटी में इंडियन यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आमिर हुसैन ने की। इस अवसर पर खूंटी प्रभारी हिमांशु कुजूर और सह प्रभारी जय बारी भी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कथित किसान-विरोधी एवं देशहित के खिलाफ व्यापार समझौतों के विरोध में आवाज बुलंद करने तथा इन्हें रद्द कराने के लिए आगामी दिनों में होने वाले विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलनों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठन की वर्तमान स्थिति, आने वाले कार्यक्रमों, दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों तथा उसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से खूंटी जिले में यूथ कांग्रेस के विभिन्न पदों पर कई कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिन कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी गई, उनमें अनमोल धन को जिला प्रवक्ता, संजीत नायक को एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष, मो. नवाज अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष, आतिफ खान और साजिद आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया।

इसके अलावा समीर अंसारी को खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष, अजय महतो को कर्रा प्रखंड उपाध्यक्ष, आयुष साहू को खूंटी विधानसभा उपाध्यक्ष, कृष साहू को खूंटी विधानसभा महासचिव, सोनू साहू को खूंटी विधानसभा सचिव तथा सुभाष होरो को खूंटी विधानसभा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं तोरपा विधानसभा में सुमन जायसवाल और जैकी अहमद को उपाध्यक्ष, सत्यवान कंसारी को तोरपा प्रखंड अध्यक्ष तथा डिंपल कुमारी को तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## दिनदहाड़े बैंक लूट से हड़कंप, लंच ब्रेक में घुसे 6 बदमाश, बंदूक की नोक पर 13 लाख रुपये लेकर हुए फरार



**पूर्वी सिंहभूम:** जिले में दिनदहाड़े बैंक लूट की बड़ी घटना सामने आई है। लंच ब्रेक के दौरान नकाबपोश बदमाश बैंक में घुस गए और हथियार के बल पर लाखों रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। नकाबपोश बदमाशों ने बैंक से लूटे 13 लाख रुपयेः जिले में एक नेशनलाइज्ड बैंक की शाखा में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई। छह नकाबपोश बदमाशों ने बैंक से करीब 13 लाख रुपये लूट लिए। यह घटना बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार, बदमाश लंच ब्रेक के समय बैंक में घुस आए। उन्होंने कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर डराकर कैश काउंटर से पैसे लूट लिए। इस दौरान बदमाशों ने बैंक कर्मचारियों के सोने की चेन, मोबाइल फोन और पर्स भी छीन लिए।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहीःलूट के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। हालांकि भागते समय वे कुछ मोबाइल फोन रास्ते में ही छोड़ गए। घाटशिला के सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी अजीत कुमार कुज्जुर ने बताया कि घटना में छह लोग शामिल थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय दुकानदारों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

### हाईटेंशन तार चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# सात आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार ,भारी मात्रा में बिजली के तार, पिकअप वाहन व उपकरण बरामद





संवाददाता

**खूंटी:** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में बिजली के हाईटेंशन तार चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में बिजली का तार, एक पिकअप वाहन और तार काटने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार खूंटी पुलिस अधीक्षक मनीष तोपो को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तोरपा-खूंटी मुख्य मार्ग पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के पीछे बिजली के खंभों से हाईटेंशन तार काटकर उसे पिकअप वाहन में लोड किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खूंटी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा खिस्तोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और छापेमारी की गई। पुलिस छापामारी दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस के पहुंचते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हाईटेंशन तार काट रहे सात लोगों को मौके से ही धर दबोचा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 08 बंडल हाईटेंशन बिजली तार, जिसका वजन लगभग 250 किलोग्राम बताया जा रहा है बरामद किया साथ ही एक तार काटने की मशीन, एक पिकअप वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या तथा पांच मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 24 वर्षीय शेख अप्पू जो किन्दीरकेला थाना बसिया जिला गुमला का रहने वाला है दूसरा 33 वर्षीय रमजानी ये जाटापुरी थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है, साथ ही 25 वर्षीय चांद मोहम्मद को भी गिरफ्तार किया है जो नूनीमल थाना राजेपुर जिला पूर्वी चंपारण (बिहार) का बताया जा रहा है, इसके अलावा 40 वर्षीय इब्राहिम खान उर्फ इरफान मस्जिद गली तोरपा जिला खूंटी, और 20 वर्षीय दिलकस खान उर्फ टेटे किन्दीरकेला थाना बसिया जिला गुमला को भी पकड़ा है, इनके अलावा और दो लोगों में एक 25 वर्षीय मनीष लोहरा उर्फ शिशु डुमरटोली थाना बसिया जिला गुमला तथा 19 वर्षीय बजरंग लोहरा उर्फ माटु पातुरा थाना बसिया जिला गुमला शामिल हैं जिसे भी पुलिस ने इस चोरी के मामले पे पकड़ा है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह लंबे समय से इलाके में बिजली के तार चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ तोरपा खिस्तोफर केर-केट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, पुअनि. अमरेन्द्र मंडल, पुअनि. रोशन खाखा (अनुसंधानकर्ता), सअनि. बैजु लकड़ा, सअनि. सोनाराम स्वांसी, सअनि. आलोक रंजन सहित तोरपा थाना के पुलिसकर्मी और रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि चोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

जयराम ने सदन में उठाया बिजली आपूर्ति का मुद्दा

# सरकार ने ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही कमी को स्वीकारा

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में डुमरी विधायक जयराम महतो ने बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि कई इलाकों में ट्रांसफार्मर जलने या तार खराब होने के बाद बिजली बहाल होने में काफी देर हो जाती है। इससे आम जनता को रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत परेशानी होती है।



**शिकायत कहां करें यह भी नहीं पता:** जयराम महतो ने सवाल उठाया कि उपभोक्ताओं को यह पता नहीं होता कि ट्रांसफार्मर जलने, तार टूटने या अन्य तकनीकी खराबी की स्थिति में शिकायत कहां दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने सरकार से शिकायत निवारण प्रक्रिया और समय सीमा स्पष्ट करने की मांग की।

**24 घंटे में बदलाव की मांग:** विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बिजली मुफ्त नहीं है, लोग इसके लिए भुगतान करते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी सेवा का अधिकार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कोई ट्रांसफार्मर जल जाता है तो उसे 24 घंटे के भीतर बदलना चाहिए।

**विभाग की कठिनाइयों को भी स्वीकारा:** ऊर्जा मंत्री ने सदन में कहा कि कई बार ट्रांसफार्मर बदलने में देरी हो जाती है। इसका कारण विभाग में ट्रांसफार्मर की कमी है। उन्होंने बताया कि इस वजह से तय समय में बिजली बहाल नहीं हो पाती।

**शिकायत दर्ज कराने के विकल्प:** जयराम महतो ने उपभोक्ताओं की तरफ से यह भी पूछा कि शिकायत आखिर कहां दर्ज कराई जाए। मंत्री ने बताया कि लोग एग्जीक्यूटिव इंजीनियर या डिवीजन कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विभाग जल्द ही टोल-फ्री नंबर भी जारी करेगा, ताकि लोग आसानी से बिजली संबंधी शिकायत दर्ज कर सकें। इस मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों ने भी जयराम महतो का समर्थन किया और कहा कि आम जनता के लिए बिजली की नियमित आपूर्ति बेहद जरूरी है।

## 14 मार्च को खुले रहेंगे राज्य के सभी सरकारी कार्यालय छुट्टी कैंसिल

**रांची:** झारखंड सरकार ने आगामी शनिवार (14 मार्च) को राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में घोषित अवकाश रद्द कर दिया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस दिन सचिवालय, संलग्न कार्यालय और राज्य सरकार के वे तमाम दफ्तर खुले रहेंगे जहां आमतौर पर शनिवार को छुट्टी रहती है। वर्तमान में झारखंड विधानसभा का पंचम (बजट) सत्र चल रहा है। यह सत्र 18 फरवरी से शुरू हुआ है और 18 मार्च तक चलना निर्धारित है। विधायी कार्यों की महत्ता को देखते हुए विधानसभा की बैठक 14 मार्च (शनिवार) को भी आयोजित की गई है। विधानसभा सत्र के दौरान होने वाले कार्यों के त्वरित निष्पादन और सरकारी कामकाज में किसी भी प्रकार की देरी को रोकने के लिए सरकार ने उस दिन को कार्य दिवस के रूप में घोषित किया है।

# आरकेडीएफ विवि के 6 विद्यार्थियों का 12 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन

मेट्रो रेज

**रांची:** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के मैनेजमेंट एवं कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अवेयरिक्स सोल्यूशसन प्रा। लिमिटेड द्वारा विभाग के 6 विद्यार्थियों का चयन 12 लाख रुपये वार्षिक के आकर्षक पैकेज पर किया गया है।



विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत तकनीकी मूल्यांकन, समूह चर्चा एवं एचआर साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरण आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंपनी के विशेषज्ञों को प्रभावित किया और अंततः 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एस। चटर्जी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में सफल करियर बना सकें।

वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अमित कुमार पांडेय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इतने आकर्षक पैकेज पर विद्यार्थियों का चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा उन्हें आधुनिक शिक्षा और व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के अनुसार आने वाले समय में भी कई राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आने वाली हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# जेल चौक के पास धान लदा ट्रक पलटा, आवगमन बाधित





मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के जेल मोड़ के पास धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। घटना रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक लोहरदगा से धान लेकर राँची के एक राइस मिल की ओर जा रहा था। इसी दौरान जेल मोड़ के पास ट्रक चालक ने पीछे चल रही ट्रिपल लोडेड बाइक को बचाने की कोशिश की। बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और सड़क पर पलट गया।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ यातायात व्यवस्था बहाल कराने में लगी हुई है।

# करंट से इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत , सदमे में परिवार

**जामताड़ा:** जिले से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। करमाटांड़ प्रखंड के कुरवा गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**कुछ ही पलों में युवक की मौके पर ही मौत:** जानकारी के अनुसार, करमाटांड़ प्रखंड के कुरवा गांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रहने वाले युवक दुलाल राय की बिजली के करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुलाल राय के घर का मुख्य दरवाजा लोहे का बना हुआ था और उसके ठीक ऊपर से बिजली का तार गुजर रहा था। दरवाजे को बार-बार खोलने और बंद करने के कारण तार की इंसुलेशन घिस गई थी, जिससे दरवाजे में करंट आने लगा था। बीते बुधवार शाम हुई बारिश के कारण जमीन भीगी हुई थी। इसी दौरान दुलाल राय घर में जाने के लिए गेट खोलने लगे। जैसे ही उन्होंने भीगी जमीन पर खड़े होकर लोहे के गेट को छुआ, वे तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि कुछ ही पलों में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि दुलाल राय की शादी करीब एक साल पहले ही हुई थी। वह पुणे में मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा चलाते थे। उन्हें गुरुवार को वापस पुणे काम पर लौटना था, लेकिन उससे एक दिन पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। दुलाल राय परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि गेट पर जले हुए निशान साफ बताते हैं कि काफी समय से यहां करंट का खतरा था। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना की जांच कराने, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार व मृतक की पत्नी को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।




## मेधा का पनीर-दही, गुलाब जामुन और घी हुआ महंगा, आज से नई दरें लागू

**रांची:** एक तरफ केंद्र सरकार ने जीएसटी कटौती करके लोगों को कई सामानों में राहत दी थी, इससे कई उत्पादों के दामों में कमी आयी थी, लेकिन धीरे-धीरे कंपनियां लागत में बढ़ोतरी का हवाला देकर दामों में वृद्धि कर रही है। इसी क्रम में मेधा डेयरी ने पनीर, घी और गुलाब जामुन के दामों में वृद्धि कर दी है।

अब एक किलो पनीर 380 रुपये की जगह 400 रुपये में मिलेंगे, वहीं 200 ग्राम पनीर 82 रुपये की जगह 85 रुपये, 250 एमएल का जार घी 165 की जगह 185 रुपये, 500 एमएल का पाउच घी 300 रुपये की जगह 320 रुपये, 500 एमएल का जार घी 320 रुपये की जगह 340 रुपये में मिलेंगे। वहीं 250 एमएल का गुलाब जामुन 70 रुपये की जगह 80 रुपये, पांच किलो का बाल्टी दही 475 की जगह 500 रुपये में मिलेंगे। नयी कीमत गुरुवार से लागू हो गई है।

# रांची पहुंचनें पर हुआ भव्य स्वागत

मेट्रो रेज

रांचीः राजधानी रांची पहुंचने पर असम प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई और एआईसीसी के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।



इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सतीश मुंजनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभी नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा भी की।

# 15 मार्च के बाद बदलेगा मौसम, कई जिलों में गरज के साथ होगी बारिश

**रांची:** झारखंड में इन दिनों मौसम तेजी से बदल रहा है। राज्य के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग, रांची के अनुसार गुरुवार को उत्तर-पूर्वी जिलों में मौसम का असर ज्यादा रहेगा। इन जिलों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है।

**छह जिलों में येलो अलर्ट:** मौसम विभाग ने देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आंशिक बादल रहेंगे और कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज की संभावना है। राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम अपेक्षाकृत साफ रहेगा। राजधानी रांची समेत कई जिलों में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो रही है।

कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ................................/

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–हेठजोरी से पतगच्छा मार्ग पर पतगच्छा जंगल में रोड के किनारे, थाना–गुमला से 03 बंडल कच्चा साल जलावन सहित एक मोटरसाईकिल सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.03.2026 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 374756 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

पेट्रोलियम कंपनियों का दावा

# रांची में गैस की कोई किल्लत नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची में रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वाली पेट्रोलियम कंपनियों का दावा है कि शहर में गैस की किसी प्रकार की किल्लत नहीं है। बुधवार को जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के साथ हुई बैठक में इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा, जिले में घेरलू गैस की सप्लाई में कोई कमी नहीं है। लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त के साथ हुई बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के प्रतिनिधि शामिल थे। गैस कंपनियों के ओर से ये भी कहा गया कि लोग पैनिक होकर बुकिंग न करें। ज्यादा संख्या में बुकिंग रिक्वेस्ट आने से गैस कंपनियों के सॉफ्टवेयर पर असर पड़ा है, जिसके अपग्रेडेशन का कार्य जारी है। कुछ ही दिनों में सामान्य रुप से बुकिंग हो सकेगी। लोगों को एजेंसियों के ऑफिस आने की जरूरत नहीं है।



गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निदेर्शानुसार एक बुकिंग के बाद 25 दिनों बाद ही दूसरी बुकिंग हो पाएगी। इमरजेंसी में उपभोक्ता 2 और 5 लीटर के सिलेंडर भी ले सकते हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि एचपीसीएल और बीपीसीएल के 5 लीटर के सिलेंडर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और ग्राहक आधार कार्ड लेकर गैस हासिल कर सकते हैं।

बैठक में गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उपभोक्ता आइवीआर, मिस्ड कॉल फैसिलिटी, ऐप और वेब बेस्ड बुकिंग करें। उन्हें एजेंसी में आने की जरूरत नहीं है। बुकिंग में हो रही देरी सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के कारण है, जो जल्द ही दूर हो जाएगा।

**किसी भी सूरत नहीं होगी कालाबाजारी: उपायुक्त :** इस दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गैस की बढ़ती मांग के बीच सभी गैस कंपनियों और एजेंसियों को प्रॉपर प्लानिंग और कम्यूनिकेशन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू है। सभी उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस सामान्य तरीके से पहुंचाना चाहिए। किसी भी तरह की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला स्तर पर बनेगी समितिः बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की ओर से अस्पतालों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ओल्ड ऐज होम, अनाथालय, कल्याण विभाग के हॉस्टल, मिड डे मील, संप्रेषण गृह, जेल, सीएपीएफ आदि में गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त की ओर से इसके लिए डिस्ट्रिक लेवल मॉनिटरिंग कमिटि बनाने का निर्देश दिया गया। कमिटि में सदर के एसडीओ (सब-डिवीजनल ऑफिसर) और बुंडू के मार्केटिंग ऑफिसर, ओएमसी और गैस एजेंसी के नोडल, हॉस्पिटल के नोडल और अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही, उपायुक्त की ओर से अबुआ साथी (9430328080) पर गैस आपूर्ति से संबंधित आनेवाली शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–39/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 17/03/2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 18/03/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18/03/2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ के पंचायत छत्तरमाण्डू में समाहरणालय, रामगढ़ में आम जनों हेतु कैंटीन का निर्माण। | 46,17,610/- | 93,000/- | 5000/- | 4 माह |
| 2 | Cons. Of GCI sheet from main gate to building entrance in Civil Court Ramgarh | 24,75,800/- | 50,000/- | 5000/- | 4 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़

PR 374789 Building(25-26).D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब

शराब घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी। आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है। शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुईं। नौवीं बार सम्मन पर न आने के बाद 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया। 10 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। 13 सितंबर, 2024 को उन्हें जमानत मिली। वे 156 दिन और सिसोदिया 530 दिन जेल में रहे। 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल समेत सभी को आरोप मुक्त कर दिया। हाई कोर्ट ने इसके खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आआपा को साल 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिलीं। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वायदे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकल कर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान कौन कहे लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया। सुरक्षा के भारी तामझाम के कारण लोगों से उनकी दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध कर वे राजनीति में आए, उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था। साल 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर महज दो फीसदी का था। पहली बार आआपा 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से 134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायत के बाद आआपा का मेयर बना। इन सालों में आआपा के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं, आआपा में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आआपा से अलग हो गए। निगम में दलबदल विरोधी कानून नहीं लागू है। अब निगम में भी भाजपा बहुमत में है। केजरीवाल ने अपनी ईमानदार छवि को बचाए रखने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री रहे असीम अहमद खान और संदीप कुमार को भ्रष्टाचार और सेक्स रैकेट के आरोप में हटाया। शराब घोटाले ने तो पूरी पार्टी को ही लपेटे में लेकर उसे नंगा कर दिया। आआपा पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल की पार्टी है। वह न तो किसी विचारधारा से जुड़ी है, न जाति आधारित या कैडर आधारित पार्टी है। दिल्ली में सरकार जाने के बाद पार्टी के साथ मुट्ठी भर लोग दिखते हैं। आतिशी और सौरभ भारद्वाज के भरोसे दिल्ली में पार्टी चल रही है। इसी बीच निचली अदालत से आरोप मुक्त होने के बाद केजरीवाल फिर से दिखे लेकिन हाई कोर्ट ने उनके उत्साह को कमजोर कर दिया।

# जहां से सिंथेटिक ड्रग्स की शुरूआत, वहीं से मुकाबला

> ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) में सहायक विशेष एजेंट-इन-चार्ज केटी डोराइस बताती हैं कि प्रीकर्सर रसायनों को नियंत्रित करना अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता क्यों है। डीईए, एक फेडेरल कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो तस्करों को इन रसायनों को हानिकारक नशीले पदार्थों में बदलने से रोकने के लिए काम करती है।

**चार्वी अरोड़ा**

सिंथेटिक ड्रग्स की शुरूआत सड़कों पर नहीं होती। उनकी शुरूआत उससे कहीं पहले, कारखानों, गोदामों और उन शिपिंग कंटेनरों में होती है जो हर दिन रसायनों को सीमाओं के पार ले जाते हैं। इनमें से कई रसायन कानूनी हैं और फार्मास्यूटिकल तथा अन्य उद्योगों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। लेकिन जब तस्कर इन्हें दूसरे रास्ते ले जाते हैं, तो यही पदार्थ उन सिंथेटिक ड्रग्स के निर्माण की नींव बन जाते हैं जो समुदायों और सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाते हैं। ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) में सहायक विशेष एजेंट-इन-चार्ज केटी डोराइस बताती हैं कि प्रीकर्सर रसायनों को नियंत्रित करना अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता क्यों है। डीईए, एक फेडेरल कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो तस्करों को इन रसायनों को हानिकारक नशीले पदार्थों में बदलने से रोकने के लिए काम करती है। प्रीकर्सर क्या होते हैं? डोराइस कहती हैं, ह्लप्रीकर्सर रसायन वे आवश्यक घटक होते हैं जिनका उपयोग मेथामफेटामीन और फेनेटाइल जैसे नियंत्रित पदार्थों का अवैध रूप से निर्माण करने में किया जाता है।ह्व वे यह भी जोड़ती हैं कि इनमें से कई रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं। समस्या का पैमाना अत्यंत विशाल है। वह कहती हैं, ह्ल2024 में, डीईए ने फेनेटाइल -मिश्रित 6 करोड़ से अधिक नकली गोलियाँ और लगभग 8,000 पाउंड फेनेटाइल पाउडर जब्त किया। ये जब्तियाँ फेनेटाइल की 38 करोड़ से अधिक घातक खुराकों के बराबर हैं।ह्व ये आँकड़े दर्शाते हैं कि अमेरिकी सरकार प्रीकर्सर नियंत्रण को केवल नियामक मुद्दा नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का प्रश्न क्यों मानती है। 2025 के अंत में, डीईए ने फेंटानिल फ्री अमेरिका नामक एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य फेनेटाइल की आपूर्ति और मांग दोनों को कम करना है। डोराइस कहती हैं, ह्लडीईए अमेरिकी जीवन और समुदायों को फेनेटाइल के विनाशकारी प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फेंटानिल फ्री अमेरिका का अर्थ रोकथाम, शिक्षा और साझेदारी है।

इन रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं, तस्कर अक्सर सबकी नजरों के सामने छिपे रहते हैं। डोराइस एक सामान्य तरीके की ओर इशारा करती हैं जिसे ट्रांसशिपमेंट कहा जाता है। वह कहती हैं, ह्लइस प्रणाली में आयात/निर्यात से जुड़े ऐसे छिद्र हैं जिनसे निपटना कठिन है।ह्व आपराधिक समूह कमजोर निगरानी वाले बंदरगाहों के माध्यम से रसायनों को स्थानांतरित करते हैं और फिर उन्हें आगे भेज देते हैं। वह जोड़ती हैं, ह्लयह प्रक्रिया प्रारंभिक निर्यातक देश के लिए कागजी रिकॉर्ड को साफ-सुथरा दिखाती है।ह्व डीईए के लिए इस चरण पर दुरुपयोग को रोकना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डोराइस कहती हैं, ह्लडीईए प्रीकर्सर रसायनों के नियंत्रण को प्राथमिकता देता है, जिससे ड्रग तस्करों के लिए नशीले पदार्थ बनाने हेतु कच्चा माल प्राप्त करना कठिन हो जाता है। एक और सामान्य तरीका, गलत घोषणा (मिस-डिक्लेरेशन), किसी शिपमेंट की वास्तविक प्रकृति या गंतव्य को छिपाने से जुड़ा होता है। वह समझाती हैं, ह्लप्रीकर्सर रसायन ऑनलाइन खरीदे जाते हैं और आयात/निर्यात के दौरान उनकी गलत घोषणा की जाती है।ह्व इस जोखिम से निपटने के लिए डीईए कंपनियों के साथ नो योर कस्टमर (केवाईसी) प्रथाओं पर काम करता है। डोराइस बताती हैं, ह्लकेवाईसी का सिद्धांत यह है कि कोई रासायनिक या फार्मास्यूटिकल कंपनी ऐसी नीतियाँ लागू करे जिससे ज्ञात प्रीकर्सरों की बिक्री केवल उन ग्राहकों तक सीमित रहे जिन्हें वास्तविक माना जाता है।ह्व

उभरते जोखिमों की पहचान में वैज्ञानिक विश्लेषण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डोराइस बताती हैं, ह्लअमेरिका में डीईए की प्रयोगशाला प्रणाली सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है।ह्व ह्लयह जब्त किए गए रसायनों- जैसे पाउडर, तरल और गोलियाँ- का विश्लेषण करती है। वर्षों में, डीईए ने प्रीकर्सर सिग्नेचर, संश्लेषण मार्गों, अशुद्धता प्रोफाइल और उभरते एनालॉग्स का एक विशाल डेटाबेस तैयार किया है।ह्व तस्करों द्वारा रणनीतियाँ बदलने के साथ सरकारों को भी अनुकूलन करना पड़ता है। वह कहती हैं, ह्लएआई और डेटा एनालिटिक्स दूसरे रास्ते भेजे गए हुए प्रीकर्सर रसायनों का पता लगाने में शक्तिशाली उपकरण हैं।ह्व डेटा एनालिटिक्स किसी भी एजेंसी को रसायनों की खरीद की मात्रा, शिपिंग जानकारी, आयात और निर्यात डेटा जैसी विसंगतियों की पहचान करने में सक्षम बनाता है। ये उपकरण जांचकताओं को उच्च-जोखिम वाले शिपमेंट पर रियल-टाइम अलर्ट लगाने या किसी कंपनी द्वारा असामान्य गंतव्य पर बड़ी मात्रा में प्रीकर्सर रसायन बेचने की पहचान करने में मदद कर सकते हैं।

डीईए भारत के साथ सहयोग के महत्व पर जोर देता है। डोराइस कहती हैं, ह्लभारत वैध प्रीकर्सर रसायनों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, इसलिए साझेदारी आवश्यक है।ह्व बताती हैं कि डीईए भारत की सेंट्रल रेवेन्यूज कंट्रोल लेबोरेटरी (सीअरसीएल) के साथ प्रीकर्सर रसायनों और सिंथेटिक ओपिओइड्स की पहचान पर काम कर रहा है। डीईए का नई दिल्ली कार्यालय भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स के साथ भी जानकारी साझा करने और संयुक्त जांचों के समर्थन के लिए निकटता से काम करता है।

अगस्त 2025 में डीईए ने वर्जीनिया के स्टर्लिंग स्थित स्पेशल टेस्टिंग एंड रिसर्च लेबोरेटरी से दो रसायनज्ञों को भारत में समकक्षों के साथ रासायनिक विश्लेषण और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए भेजा। डीईए 2026 में सीआरसीएल के साथ अतिरिक्त कार्यक्रमों की उम्मीद करता है ताकि बदलते ड्रग रुझानों की निगरानी और सूचना साझा करना जारी रखा जा सके। यह गठबंधन जिसे अमेरिकी सरकार के कार्यक्रमों और कूटनीतिक सहभागिता का समर्थन हासिल है, वैध व्यापार का साथ देते हुए निगरानी को मजबूत करता है। रोकथाम, निगरानी और साझेदारियों पर ध्यान केंद्रित करके, डीईए का लक्ष्य खतरनाक ड्रग्स को अमेरिकी समुदायों तक पहुँचने से पहले ही रोकना है।

# वैश्विक संघर्ष के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था: ये संकट नहीं, सावधानी और अवसर का समय

> स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव इस समय विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विषय बन गया है। इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के इर्द-गिर्द बनती युद्ध जैसी स्थिति ने विश्व के वित्तीय बाजारों, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों को अस्थिर कर दिया है। हर बार देखने में यही आया है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, उसका सीधा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है।

स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है। यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष लंबा भी चलता है तब भी भारत पर उसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत की आर्थिक नीतियां, संस्थागत ढांचा और बाजार की मजबूती अब वैश्विक संकटों का सामना करने में सक्षम हो चुकी है।

सावधानी, तैयारी और नीति-निमार्ताओं की सक्रियताखाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय नीति-निमार्ता पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय बाजारों में स्थिरता बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड यानी जी-सेक की यील्ड को संतुलित रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है, जिससे वित्तीय प्रणाली में घबराहट पैदा न हो। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित किया गया है और उसे 92 के स्तर से नीचे बनाए रखने में सफलता हासिल की गई है।

वस्तुतः यह कदम बता रहा है कि भारत की केंद्रीय बैंकिंग व्यवस्था वैश्विक संकटों को समझते हुए समय पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। आज भारत के पास लगभग 600 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को सहने की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा सोने का भंडार भी लगातार बढ़ाया जा रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार में इसका हिस्सा लगभग 17.6 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह भी एक तरह की आर्थिक सुरक्षा ढाल है।

तेल संकट की चुनौती और भारत की रणनीतिखाड़ी क्षेत्र का सबसे बड़ा महत्व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। यदि यहां कोई बाधा उत्पन्न होती है तो तेल की कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। वर्तमान स्थिति में ब्रेंट क्रूड लगभग 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई लगभग 89 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार यदि तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होती है तब जरूर भारत के चालू खाते के घाटे पर कुछ दबाव पड़ सकता है, लेकिन यहां यह समझना भी जरूरी है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा रणनीति को काफी विविधतापूर्ण बना लिया है। रूस से कच्चे तेल की खरीद, दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंध और रणनीतिक तेल भंडार जैसी व्यवस्थाएं भारत को अचानक आने वाले संकटों से काफी हद तक बचाती हैं।

वैश्विक विकास का नया केंद्र बन रहा भारतअंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य एशिया, विशेष रूप से भारत और चीन के हाथों में है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में वैश्विक वास्तविक जीडीपी वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 17 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह आंकड़ा उस आर्थिक परिवर्तन का संकेत है जो पिछले एक दशक में भारत में हुआ है।

आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए भी 6.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। इसके मुकाबले अमेरिका का योगदान लगभग 9.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जबकि कई यूरोपीय अर्थव्यवस्थाएं धीमी वृद्धि से जूझ रही हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

जनसंख्या दबाव नहीं, विकास का अवसरभारत की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते समय अक्सर जनसंख्या को एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह सही है कि भारत की जनसंख्या बहुत बड़ी है, किंतु यह भी उतना ही सच है कि यही जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति भी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा कार्यबल रखने वाला देश है। यह युवा आबादी उत्पादन, उपभोग और नवाचार तीनों क्षेत्रों में नई ऊर्जा प्रदान करती है।

भारत में हर वर्ष लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। स्टार्ट-अप संस्कृति, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण क्षेत्र में निवेश और सेवा क्षेत्र की तेजी से बढ़ती गतिविधियां रोजगार सृजन के नए रास्ते खोल रही हैं। वैश्विक कंपनियां भी चीन के बाद अब भारत को अपने नए उत्पादन केंद्र के रूप में देख रही हैं। ह्लचीन प्लस वनह्व रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में निवेश बढ़ा रही हैं।

वैश्विक बाजार में भारत की स्थिर छविवैश्विक संकट के दौर में निवेशक हमेशा ऐसे देशों की तलाश करते हैं जहां आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता हो। भारत इस समय उसी श्रेणी में खड़ा दिखाई देता है। विश्व की कई रेटिंग एजेंसियां और आर्थिक संस्थान लगातार इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि भारत की आर्थिक नींव मजबूत है। बुनियादी ढांचे में तेजी से निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, बैंकिंग क्षेत्र का सुधार और कर प्रणाली की पारदर्शिता ने भारत को एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है।

यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद विदेशी निवेश भारत की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि यह कहना भी गलत होगा कि खाड़ी क्षेत्र का संघर्ष भारत को बिल्कुल प्रभावित नहीं करेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि, महंगाई का दबाव और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं लेकिन भारत की आर्थिक संस्थाएं इन चुनौतियों को समझते हुए पहले से तैयारी कर रही हैं। आरबीआई की सतर्क नीति, सरकार की ऊर्जा रणनीति और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार भारत को इन परिस्थितियों में संतुलित बनाए रखते हैं। यह वही परिपक्वता है जो किसी अर्थव्यवस्था को वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिर बनाए रखती है।

आज भले खाड़ी क्षेत्र में चल रहा संघर्ष निश्चित रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। तेल बाजार की अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव दुनिया के कई देशों के लिए आर्थिक संकट पैदा कर रहे हैं। पर भारत के संदर्भ में स्थिति अलग है। मजबूत नीतियां, सक्रिय केंद्रीय बैंक, विविध ऊर्जा स्रोत, विशाल घरेलू बाजार और युवा कार्यबल ये सभी कारक भारत को वैश्विक संकटों के बीच भी आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं इसलिए यह समय घबराने का न होकर सावधानी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने का है।

# इंडिया ही नहीं, बंग्लादेश में भी हैं आस्था के 7 शक्तिपीठ

शुक्रवार का दिन मां दुर्गा को समर्पित है। इस दिन मां दुर्गा और उनके रूपों की भक्तिभाव से पूजा की जाती है। मां दुर्गा की पूजा करने से जातक को जीवन में सभी तरह के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं जीवन में व्याप्त सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है। वहीं मां दुर्गा की पूजा से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। सनातन शास्त्रों में मां दुर्गा की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी 7 शक्तिपीठ हैं। जोकि अपनी धार्मिक मान्यताओं के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बांग्लादेश में स्थित 7 शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### जेसोरेश्वरी शक्तिपीठ

यह शक्तिपीठ मां काली को समर्पित है। माना जाता है कि इस मंदिर का वास्तुकला 13वीं शताब्दी के समय की है। इस मंदिर की वास्तुकला में 13वीं सदी की झलक देखने को मिलती है। जेसोरेश्वरी शक्तिपीठ बांग्लादेश के सतखिरा जिले में स्थित है। इस स्थान पर मां सती की हथेलियां गिरी थीं। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने जेसोरेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर की यात्रा की थी।

### सुगंधा शक्तिपीठ

सुगंधा शक्तिपीठ मां तारा को समर्पित है। यह मंदिर सुगंधा नदी के तट पर स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर मां सती की नाक गिरी थी। यह शक्तिपीठ बांग्लादेश के शिकारपुर में है और मंदिर के रक्षक भैरव हैं। बांग्लादेश के शिकारपुर में स्थिय यह शक्तिपीठ हिंदुओं के लिए प्रमुख तीर्थ स्थल है। इस मंदिर में स्थित प्रतिमाओं की कई बार चोरी हुई है।

### चट्टल मां भवानी शक्तिपीठ

चट्टल मां भवानी शक्तिपीठ बांग्लादेश के चटगांव जिले में स्थित चट्टल मां भवानी शक्तिपीठ चंद्रनाथ पर्वत के शिखर पर स्थित है। यहां पर मां सती के ठुड्डी का अंश गिरा था। इस शक्तिपीठ को भवानी शक्तिपीठ भी कहा जाता है।

### जयंती शक्तिपीठ

बांग्लादेश के सिलहट जिले में जयंती शक्तिपीठ है। यह शक्तिपीठ सिलहट जिले के बौरबाग गांव में है। धार्मिक मान्यता है कि चिर काल में जब सती के शव को भगवान विष्णु ने क्षत-विक्षित कर दिया था, तो मां सती की बाईं जांघ जयंती शक्तिपीठ में गिरी थी। भारत के मेघालय में भी नर्तियांग दुर्गा मंदिर मां सती को समर्पित है। जयंती मंदिर करीब 6 एकड़ में फैला है।

बांग्लादेश के 7 शक्तिपीठ में से एक महालक्ष्मी शक्तिपीठ है। यह मंदिर बांग्लादेश सिलहट जिले में है और मंदिर का केंद्र स्थान जोड्नपुर गांव है। जोकि गोटाटिकर के पास है। यह मंदिर सुख और सौभाग्य की देवी महालक्ष्मी को समर्पित है। माना जाता है कि यहां पर मां सती की गर्दन यानी की ग्रावी गिरी थी। शुक्रवार के दिन महालक्ष्मी शक्तिपीठ में भक्तों की भारी भीड़ लगती है।

बांग्लादेश के चटगांव जिले में देवी मां सती को समर्पित श्रावणी शक्तिपीठ स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि इस स्थान पर मां सती की रीढ़ की हड्डी गिरी थी।

## टिप्स

### भीषण गर्मी में सिर्फ पानी से नहीं चलेगा काम

गर्मियों के मौसम में शरीर को हेल्दी खाने के साथ हाइड्रेट रखना जरुरी है। मार्च के महीने में ही भीषण गर्मी देखने को मिल रही है। तापमान 35 से 36 डिग्री तक पार कर चुका है। ऐसे में हमें अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। ज्यादातर लोगों को लगता है कि गर्मी से बचने के लिए पानी पीना ही काफी है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देने की काफी जरुरत है। गर्मियों के दौरान अपनी डाइट में कौन-से सुपरफूड शामिल कर सकती हैं, आइए आपको इस लेख में बताते हैं।

**हर्बल काढ़े से करें सुबह की शुरूआत**

समर सीजन में आप चाय पीने बजाय हर्बल काढ़ा पी सकती हैं। ये सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसको बनाना भी बेहद आसान है। बस आपको पानी में सौंफ, धनिया के बीज और पुदीना डालकर कम से कम पांच मिनट के लिए उबाल लें। इसको गुनगुने होने पर छानकर पी लें। ये शरीर को ठंडक पहुंचाता है। इससे डाइजेशन भी सही रहता है।

**खसखस वाला पानी**

गर्मियों के मौसम में खसखस का पानी पीना शरीर के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसे तैयार करने के लिए लगभग एक लीटर पानी में खसखस की जड़ों को डालकर कुछ समय तक भिगोकर रखें। जब पानी अच्छी तरह उसमें घुल जाए, तब इसे दिनभर थोड़ा-थोड़ा करके पी सकते हैं। इससे शरीर को ठंडक मिलती है और ताजगी बनी रहती है।

**जूसी फ्रूट्स को बनाएं डाइट का हिस्सा**

गर्मियों में बाजारों में आपको कई तरह के फ्रूट्स देखने को मिल जाएंगे। रसीले फल खाने से आपके शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाएगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### सूअर चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करवाया

**साहिबगंज :** नगर थान क्षेत्र के लोहंड़ा निवासी अरविंद हरिजन ने एक युवक पर सूअर चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करवाया हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अरविंद ने सौरभ नमक युवक के खिलाफ में आवेदन दिया है प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है मामले की छानबीन की जा रही है।

### देवर पर मारपीट मोबाइल तोड़ने व रुपये छीनने का आरोप केस दर्ज

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र के गढ़ाई दियारा बालू टोला में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में गीता देवी पति

बेनीलाल चौधरी ने अपने देवरों के खिलाफ थाना में लिखित आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाया है।

आवेदन में गीता देवी ने बताया है कि उनके देवर जयराम चौधरी मनोज चौधरी और पूरण चौधरी तीनों पिता स्व. शिवानंद चौधरी ने मिलकर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। साथ ही उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया और 3000 रुपये भी छीन लेने का आरोप लगाया गया है।मामले को लेकर गंगा नदी थाना में कांड संख्या 11/26, दिनांक 10 मार्च 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 109(1), 324(4), 303(2), 352, 351(2) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### श्रमिकों का हक अधिकार की रक्षा के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी उद्योग मालिकों से नहीं मिलती



**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक जिला कमेटी की बैठक केंद्रीय कार्यालय बाकुडी मे जिला अध्यक्ष प्रीतम कुमार पीयूष की अध्यक्षता में हुई।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित हुए।बैठक मे संगठन मजबूती और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव द्वारा संगठन के मजबूती और सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई।सदस्यता प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद यादव की नेतृत्व में सफल संचालन नहीं हुआ जिससे संगठन पद मुक्त करते हुए उनके स्थान पर राकेश कुमार महतो को जिला सदस्य प्रभारी मनोनीत किया गया।बैठक मे श्रमिकों का हक अधिकार की रक्षा के लिए न्यूनतम वेतन की गंराटी पत्थर उद्योग के मालिक के द्वारा मिलती नहीं है मानसिक और शारीरिक शोषण आदि पर चर्चा किया गया।मैसर्स राहुल मेटल्स कंपनी बाकुडी द्वारा आवागमन पत्थर ढुलाई में उपयोग में लाते हैं जो वन विभाग कानून का उल्लंघन प्रतीत होता है।वन विभाग कानून की वजह से आज तक सरकारी तौर पर बाकुडी बाजार से कोचाटोला बड़ा बना पड़ा सड़क का निर्माण की मंजूरी नहीं मिली है।वही मई दिवस के अवसर पर बाकुडी रेलवे मैदान में मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर जागरूकता रैली निकाला जायेगा।मौके पर मो इमाम विश्वास मनोज सोरेन,गुरुजी टुडू,मो जावेद अख्तर,जाबिर शेख,निखिल यादव,शाद अंसारी,आदि लोग मौजूद थे।

### डीआरयूसीसी रेलवे प्रशासन और यात्रियों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच है : डीआरएम



**साहिबगंज :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में बुधवार को 48 वीं मंडलीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक डीआरएम कार्यालय के मंदार हॉल में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने की।कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया।बैठक में भागलपुर,मुंगेर,साहिबगंज और मालदा क्षेत्र से जुड़े डीआरयूसीसी सदस्यों सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद व मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान साहिबगंज से नव-नामांकित सदस्य सुनील कुमार सिन्हा भी शामिल हुए।बैठक की शुरूआत में डीआरएम ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए मंडल की उपलब्धियों,विकास कार्यों और प्रगति पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी।उन्होंने कहा कि डीआरयूसीसी रेलवे प्रशासन और यात्रियों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच है और मालदा मंडल यात्री सुविधाओं,स्वच्छता,सुरक्षा और स्टेशन अवसंरचना के सुधार के लिए लगातार कार्य कर रहा है।बैठक के दौरान सदस्यों ने विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता और सुविधाओं में हुए सुधार की सराहना की तथा अतिरिक्त ट्रेन ठहराव,स्टेशन विकास और नई ट्रेन सेवाओं की शुरूआत को लेकर सुझाव दिए।डीआरएम ने सभी प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर यात्रियों को एक ही मंच पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने वाले फ्रेंडल्ली ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने की भी अपील की गई।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को बेहतर,सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाएं देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## साहिबगंज की बेटी निहारिका सिन्हा ने यूपीएससी में 365वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

# जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : हेमंत सती

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में साहिबगंज की बेटी निहारिका सिन्हा ने 365वां रैंक प्राप्त कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे साहिबगंज में खुशी और गर्व का माहौल है।अपनी सफलता के उपरांत निहारिका सिन्हा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त हेमंत सती से शिष्टाचार मुलाकात की। जबकि उपायुक्त ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जिसमें उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने भी निहारिका को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।साहिबगंज के कुलीपाड़ा निवासी



निहारिका सिन्हा एक साधारण परिवार से आती हैं। उनके पिता निरंजन सिन्हा पेशे से दर्जी टेलर हैं।जबकि माता शबनम कुमारी स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध के आधार पर एएनएम के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद निहारिका ने अपने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की है।निहारिका शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में सेंट जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी, साहिबगंज से मैट्रिक, वर्ष 2020 में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली रांची से इंटरमीडिएट तथा वर्ष 2023 में सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता से राजनीति शास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। वर्ष 2024 में पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन हार न मानते हुए दूसरे प्रयास में वर्ष 2025 में 365वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।निहारिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए साहिबगंज में फूलो-झानो डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। उन्होंने निहारिका सिन्हा से अनुरोध किया कि समय-समय पर डिजिटल लाइब्रेरी में आकर यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपना अनुभव साझा करें। करियर मार्गदर्शन प्रदान करें। ताकि जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।निहारिका की इस उपलब्धि से जिले के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है कि दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत से सुलझेंगे हजारों विवाद, तैयारी जोरों पर

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायालय परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों प्रशासनिक अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 10 मार्च,2026 को आयोजित की गई थी ।बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी, व्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अखिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत आमजन के लिए त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है। जहां आपसी सहमति और समझौते के आधार पर वर्षों से लंबित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को भी मजबूत करती है।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। इसके साथ ही जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी जा रही है।

यह भी बताया गया कि मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए अनुभवी मध्यस्थों की सेवाएं ली जा रही हैं । वहीं पैरा लीगल वॉलंटियर्स की सक्रिय भागीदारी से पक्षकारों को नोटिस तामील कराने, उन्हें लोक अदालत की प्रक्रिया समझाने तथा अधिक-से-अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है।इस संबंध में प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि जिन पक्षकारों के मामले सुलह योग्य हैं और वे आपसी समझौते के माध्यम से अपने विवाद का समाधान चाहते हैं, वे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्राधिकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर आपसी समझौते के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करें और त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय का लाभ उठाऐ।

## साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करे



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** पेयजल और स्वच्छता विभाग झारखंड रांची द्वारा साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप विकास कार्यालय में की गई। इस समीक्षा बैठक में योजना से संबंधित विभिन्न कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा सहित विभाग के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता, रीजनल चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता भी बैठक में शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर से चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा योजना के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों का आकलन किया गया और जिन कार्यों में विलंब हो रहा है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध तरीके से योजना को पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। अंत में संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना के सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### मारपीट करने के बाद उन लोगों ने घर से सामान चोरी कर लिया : पीड़ित

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज कुम्हार टोली निवासी कैलाश साह पिता लालबहादुर साह ने अपने ही भाई भतीजा व अन्य रिश्तेदारों के विरुद्ध मारपीट कर घर में चोरी करने का आरोप लगते हुए प्राथमिक दर्ज कराया है ।पिड़ित कैलाश साह ने बताया की परिवार के ही रामविलास मिथिलेश कुमार सहित अन्य लोग उनके घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे । मारपीट करने के बाद उन लोगों ने घर से सामान चोरी कर लिया। नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है मामले की छानबीन की जा रही है।

## अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के चौधरी कॉलोनी स्थित होटल अभिनव श्री में पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य अनुकुलचंद्र मिश्रा की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों,सामाजिक कार्यकताओं युवाओं,बुजुर्गों और आम नागरिकों ने भाग लिया।मौके पर अनुकूल मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य रमजान के पवित्र महीने में आपसी भाईचारा,मोहब्बत और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करना था।इफ्तार से पूर्व सभी लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी।इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक साथ इफ्तार कर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आपसी संबंध और मजबूत होते हैं।कार्यक्रम मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान,जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन,ललित स्वदेशी,रंजीत सिंह,सरफराज आलम,काशीनाथ शर्मा,रियाजुल अंसारी,ज्योतिष गुप्ता,बास्की यादव,रंजीत टुडू,गुड्डू कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के जिला महासचिव लाल बाबू मोहम्मद औरंगजेब,डॉक्टर सद्दाम हुसैन,कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के जिला महासचिव मोहम्मद लाल बाबू फिरोज खान,सबदुल अंसारी,सलाउद्दीन,नजरुल इस्लाम अनिल यादव,मोहम्मद हैदर अली राजा सहित कई लोग मौजूद थे।

## बंगाली टोला स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना घटित

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई है। सूचना पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि शिव मंदिर में दोपहर के वक्त अज्ञात चोरों ने घुसकर मंदिर के दान पेटी में रखा ढाई हजार रुपया पीतल का बर्तन सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। शाम के वक्त पूजा करने गई एक महिला ने देखा तो इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी। बताया गया कि वह पूजा करने के लिए मंदिर में प्रवेश की तो देखा कि मंदिर का एक छोटा सा अलमारी का ताला टूटा हुआ है। सामान बिखरा पड़ा हुआ है जितने भी काश पीतल के बर्तन है वह नहीं है और मंदिर में चढ़ाया गया रुपया लगभग ढाई हजार की चोरी हो चुकी है उसे महिला ने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी और स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को दी । इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटना की सूचना मिली है पुलिस आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज कंगाल रही है जल्दी कर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# निहारिका सिन्हा ने यूपीएससी में 365वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में साहिबगंज की बेटी निहारिका सिन्हा ने 365वां रैंक प्राप्त कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे साहिबगंज में खुशी और गर्व का माहौल है।अपनी सफलता के उपरांत निहारिका सिन्हा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त हेमंत सती से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला



आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने भी निहारिका को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।साहिबगंज के कुलीपाड़ा निवासी निहारिका सिन्हा एक साधारण परिवार से आती हैं। उनके पिता निरंजन सिन्हा पेशे से दर्जी (टेलर) हैं, जबकि माता शबनम कुमारी स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध के आधार पर एएनएम के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद निहारिका ने अपने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की है।निहारिका शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में सेंट जेवियर्स स्कूल (अंग्रेजी), साहिबगंज से मैट्रिक, वर्ष 2020 में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली रांची से इंटरमीडिएट तथा वर्ष 2023 में सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता से राजनीति शास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। वर्ष 2024 में पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन हार न मानते हुए दूसरे प्रयास में वर्ष 2025 में 365वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।निहारिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए साहिबगंज में फूलो-झानो डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। उन्होंने निहारिका सिन्हा से अनुरोध किया कि समय-समय पर डिजिटल लाइब्रेरी में आकर यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपना अनुभव साझा करें तथा करियर मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।निहारिका की इस उपलब्धि से जिले के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है कि दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



# फिल्मों में बढ़ते खून-खराबे के ट्रेंड पर नाराज हुई करीना कपूर खान

करीना कपूर ने बॉलीवुड फिल्मों में बदलते ट्रेंड को लेकर अपनी राय रखी है और आजकल की फिल्मों के कॉन्सेप्ट पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि कैसे आज की फिल्में पुरानी के मुकाबले काफी अलग हैं।

## खून-खराबे के ट्रेंड पर जाहिर की चिंता

करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्मों में बढ़ती हिंसा और खून-खराबे के ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आजकल की कई फिल्मों में पहले जैसी मस्ती, रंग, गाने और रोमांस की कमी महसूस होती है। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में करीना ने कहा कि मौजूदा समय में कई फिल्में ज्यादा 'क्राइम और खून' पर ज्यादा फोकस करती हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की फिल्मों में पहले जैसा मनोरंजन, एनर्जी, रंग और रोमांस देखने को कम मिलता है, जो कभी बॉलीवुड की पहचान हुआ करता था। करीना ने यह भी माना कि सिनेमा में बढ़ती 'हाइपर-मस्कुलिनिटी' यानी अत्यधिक मर्दानगी दिखाने का चलन उन्हें थोड़ा डराता है। उनका मानना है कि फिल्में सिर्फ एक्शन और हिंसा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें प्यार, म्यूजिक और भावनाएं भी उतनी ही जरूरी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### अक्षय कुमार ने शादी पर कही दिलचस्प बात

# बीवी आती है तो घर में लक्ष्मी आती है

बॉलीवुड सितारे अक्सर अपने काम के साथ-साथ निजी जिंदगी से जुड़ी बातों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। खासतौर पर जब वे परिवार, रिश्तों और शादी के अनुभवों के बारे में खुलकर बात करते हैं, तो फैंस के लिए यह और भी दिलचस्प हो जाता है। इस कड़ी में बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने क्विज रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' में कुछ ऐसा ही किया। उन्होंने बताया कि शादी इंसान की



जिंदगी में कितना बड़ा बदलाव ला सकती है। शो के दौरान अक्षय ने कहा कि जब घर में पत्नी आती है तो आदमी की कई आदतें अपने-आप बदलने लगती हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि शादी के बाद आदमी क्या इस्तेमाल करता है, क्या खाता है, और उसकी दिनचर्या कैसी होती है- सब कुछ धीरे-धीरे बदल जाता है। उन्होंने शादीशुदा जीवन का एक दिलचस्प पहलू भी बताया। अक्षय कुमार ने कहा, ''जब पत्नी घर में आती है, तो घर का माहौल भी बदल जाता है। घर में अच्छा खाना बनने लगता है और जिंदगी में एक तरह का संतुलन आ जाता है। लोग अक्सर कहते हैं कि जब पत्नी घर में आती है, तो इसका मतलब घर में लक्ष्मी आती है। इस कहावत में काफी सच्चाई भी है। पत्नी के आने से घर में खुशहाली और व्यवस्था दोनों बढ़ जाती हैं।' यह बातचीत तब शुरू हुई जब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विराज घेलानी ने हाल ही में हुई शादी के बाद जीवन में आए बदलावों के बारे में बताया। विराज ने कहा कि शादी के बाद उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में कई नई आदतें जुड़ गई हैं, खासकर ग्रूमिंग और पर्सनल केयर से जुड़ी चीजें बदल गई। उन्होंने हंसते हुए बताया कि अब उनके पास शरीर के अलग-अलग हिस्सों के लिए अलग-अलग साबुन और प्रोडक्ट हैं।



# ताहिर राज भसीन ने पूरी की अपनी आगामी अनाम फिल्म की शूटिंग

### दिखाई शूटिंग की झलक

ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं।

अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है।

## सभी का जताया आभार

तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से अधिकऊर्जावान क्रू, असिस्टेंट्स और शानदार सह-कलाकारों का इस मस्ती और शानदार सफर के लिए धन्यवाद।'

## अभी सामने नहीं आया फिल्म का नाम

हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। न ही फिल्म की कहानी के बारे में कोई अधिक जानकारी सामने आई है। तस्वीरों में दिखी झलक से पता चलता है कि इस फिल्म में ताहिर राज भसीन के साथ सैयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# बॉडी फिगर की वजह से आयशा खान ने किया रिजेक्शन का सामना

फिल्म अभिनेत्री आयशा खान ने अपने बॉडी शेमिंग और उन्हें सोशल मीडिया पर मिलने वाली दुष्कर्म की धमकियों के बारे में अपना दुख बयां किया। एक्ट्रेस ने इससे जुड़े अपने कड़वे अनुभव को भी साझा किया।

अभिनेत्री आयशा खान, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' के गाने शरारत में नजर आई थीं। उन्होनें याद करते हुए बताया कि, जब वो बारहवीं कक्षा में थीं तब उन्हें टी-सीरीज के एक गाने में सेकेंड लीड की भूमिका निभाने का



मौका मिला था। मगर शूटिंग से सिर्फ एक रात पहले उन्हें रोल के लिए ओवर वेट होने कारण हटा दिया गया। आगे 'वी द वुमन' कार्यक्रम में आयशा ने कहा कि उन्हें इससे उभरकर अपने लुक को लेकर आत्मविश्वास महसूस करने में काफी वक्त लगा। एक्ट्रेस आयशा खान ने कहा कि, ' सोशल मीडिया पर हर रोज मेरे शरीर के लेकर अभद्र कमेंट्स का सामना करना होता है। एक साधारण सा टॉप भी पहनती हूं तो लोगों के रिएक्शन का डर रहता है। स्कर्ट भी पहनती हूं तो लोगों को बुरा लगता है। इस वजह से अब कुछ भी पोस्ट करने से पहले सोचना पड़ता है कि लोग इसे किस तरह से देखेगें। इन सब की वजह से मुझे काफी डर भी लगता है कि पता नहीं वो मेरे साथ क्या करना चाहते हैं। मनचाहा पोस्ट करने पर मेरा कमेंट सेक्शन पढ़ने का मन भी नहीं करता। क्योंकि उसमें वो लिखते हैं कि उन्हें मौका मिले तो वह मेरे साथ क्या करना चाहते हैं।

## हर दिन मिलती हैं दुष्कर्म की धमकियां

शरारत फेम आयशा खान ने अपने उत्पीड़न के बारे में बताया कि, 'अगर इन धमकियां देने वालों में इतनी ताकत होती तो वह रेपिस्ट ही बन जाते। यह सिर्फ मामूली टिप्पणियां नहीं हैं। मुझे हर रोज ऐसी धमकियां मिलती हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि इन सब पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। मगर में यह सोचती हूं कि अगर में सेलिब्रिटी न होती तो शायद ये धमकियां सच्चाई बन जातीं।

## टीवी से की थी शुरूआत

आयशा खान ने अपनी शुरूआत एकता कपूर द्वारा निर्मित सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' से की थी। जिसके बाद 'बालवीर रिटर्न्स' में भी काम किया। इसके बाद तेलुगु फिल्म 'मुखचित्रम' में सपोर्टिंग कास्ट के रूप में नजर आयी थीं। हाल हीमें उन्हें 'धुरंधर' के गाने शरारत से पहचान मिली।

# नेपोटिज्म पर सैफ अली खान ने दी प्रतिक्रिया



बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर अक्सर ही बहस छिड़ी रहती है। आउटसाइडर इसको लेकर इल्जाम लगाते रहते हैं। जबकि स्टारकिड अपना पक्ष भी रखते रहते हैं। अभिनेता सैफ अली खान भी एक स्टारकिड हैं और उनके दो बच्चे इब्राहिम अली खान और सारा अली खान भी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। अब सैफ ने इस बारे में बात की। उनका मानना है कि पारिवारिक संबंधों के कारण उन्हें जो अवसर मिले हैं, वे उन लोगों की तुलना में बेहद अन्यायपूर्ण हैं, जिन्हें ये प्रिवलेज नहीं हैं।

**स्टारकिड्स प्रिवलेज्ड हैं**

अपनी बहन सोहा अली खान के यूट्यूब चैनल पर बातचीत में सैफ अली खान ने कहा कि भाग्यशाली लोगों और गुमनाम, दुर्भाग्यशाली लोगों में बहुत बड़ा अंतर होता है, जिन्हें पहचान बनाने के बहुत कम मौके मिलते हैं। इसीलिए यह देखना अद्भुत है कि कोई गिटारिस्ट, म्यूजिक डायरेक्टर या अभिनेता बनकर बिना किसी गॉडफादर या मशहूर माता-पिता के सहारे जमीनी स्तर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है। माता-पिता की लोकप्रियता के कारण हमें जो सफलता मिलती है, वह बेहद अन्यायपूर्ण है और हमारे लिए एक प्रिवलेज है। नेपोटिज्म पर मेरा यही नजरिया है।

**लोग तब उठाते हैं सवाल**

बातचीत के दौरान सैफ ने आगे कहा कि जब आप अपने काम में माहिर हो जाते हैं, तो दर्शक संतुष्ट हो जाते हैं। लेकिन समस्या तब आती है जब आपको बार-बार मौके मिलते हैं और आप अपने काम में बिल्कुल बेकार होते हैं।

# कियारा नहीं होगी 'मधुबाला' की बायोपिक का हिस्सा



भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला की बायोपिक काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई है। बीच में ऐसी चर्चाएं थीं कि कियारा आडवाणी इस बायोपिक में मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। जबकि संजय लीला भंसाली इस फिल्म का निर्माण करेंगे। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि कियारा इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। इंडस्ट्री से जुड़े एक अदरूनी सूत्र ने इस खबर को खारिज किया है। सूत्र ने बताया कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी के अभिनय की खबरों में कतई सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह निराधार और अटकलबाजी पर आधारित हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन करेंगी। जसमीत ने आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा स्टारर ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डार्लिंग्स' का भी निर्देशन किया था।

# चैंपियंस लीगः आर्सेनल और लेवरकुजेन के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त

**एजेंसी**

**बर्लिन :** चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में आर्सेनल और बायर लेवरकुजेन के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बेअरएरेना स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में आर्सेनल को अंतिम मिनटों में पेनल्टी मिली, जिस पर काई हावर्त्स ने गोल कर टीम को हार से बचा लिया।



**पहले हाफ में नहीं हुआ कोई गोल**

मुकाबले की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने सावधानी के साथ खेल दिखाया और मजबूत रक्षण पर ध्यान दिया। लेवरकुजेन के कप्तान रॉबर्ट आंद्रिख शुरूआती मिनटों में ही चर्चा में आ गए जब उन्होंने आर्सेनल के खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस को बॉक्स के बाहर रोक दिया, जिसके कारण उन्हें पीला कार्ड मिला। आर्सेनल ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन लेवरकुजेन की मजबूत रक्षा पंक्ति के कारण स्पष्ट अवसर कम ही बन सके। पहले हाफ के मध्य में गैब्रियल मार्टिनेली ने शानदार कर्लिंग शॉट लगाया, लेकिन गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। दूसरी ओर लेवरकुजेन की ओर से इब्राहिम माजा ने कुछ हमले किए, मगर पहले हाफ के अंत तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

**दूसरे हाफ में लेवरकुजेन को बढ़त**

दूसरे हाफ की शुरूआत होते ही लेवरकुजेन ने बढ़त बना ली। मार्टिन टेरियर के हेडर को गोलकीपर डेविड राया ने शानदार तरीके से रोका, लेकिन इसके बाद मिले कॉर्नर पर एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो की गेंद दूर पोस्ट तक पहुंची, जहां रॉबर्ट आंद्रिख ने हेडर लगाकर गोल कर दिया। इस गोल के बाद लेवरकुजेन की टीम ने मजबूत रक्षण करते हुए आर्सेनल को ज्यादा मौके नहीं दिए।

**अंतिम मिनट में हावर्त्स ने दिलाई बराबरी**

मुकाबले के अंतिम क्षणों में आर्सेनल को बड़ा मौका मिला। पेनल्टी क्षेत्र में मलिक टिलमैन ने नोनी माडुके को रोका, जिसके बाद वीडियो समीक्षा के जरिए रेफरी ने पेनल्टी का फैसला दिया।

आर्सेनल के लिए मैदान पर उतरे काई हावर्त्स ने 89वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल दिया और स्कोर 1-1 कर दिया। इस बराबरी के साथ मुकाबला समाप्त हुआ और अब दूसरा चरण अगले सप्ताह लंदन में खेला जाएगा।

# यूईएफए चैंपियंस लीगः फेडेरिको वाल्वर्डे की हैट्रिक से रियल मैड्रिड की शानदार जीत

**एजेंसी**

**मैड्रिड :** यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर बड़ा कदम क्वार्टर फाइनल की ओर बढ़ा दिया। सैंटियागो बनार्बेउ स्टेडियम में खेले गए इस मैच में उरुग्वे के मिडफील्डर फेडेरिको वाल्वर्डे ने अपने करियर की पहली हैट्रिक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**पहले हाफ में ही रियल मैड्रिड ने बनाई बढ़त**

मैच के 20वें मिनट में गोलकीपर थिबो कोर्टुआ की लंबी पास पर वाल्वर्डे दाईं ओर से तेज दौड़ लगाते हुए आगे बढ़े और गोलकीपर जियानलुइजी डोनारुम्मा को छकाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया। सात मिनट बाद विनीसियस जूनियर के शानदार पास पर वाल्वर्डे ने ऑफसाइड ट्रैप को तोड़ते हुए दूसरा गोल दाग दिया। इससे रियल मैड्रिड ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहले हाफ के 42वें मिनट में रियल मैड्रिड ने तीसरा गोल किया। ब्राहिम डियाज के बेहतरीन पास पर वाल्वर्डे ने गेंद को आगे उछालकर शानदार वॉली लगाई और अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। इस गोल के साथ स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।

**दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी की कोशिश**

दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी ने वापसी की कोशिश की। जेरमी डोकू और एंटोइन सेमेन्यो ने आक्रमण तेज किया, लेकिन रियल मैड्रिड के गोलकीपर कोर्टुआ ने शानदार बचाव करते हुए टीम की बढ़त बरकरार रखी।

इस दौरान रियल मैड्रिड को एक और गोल करने का मौका भी मिला जब विनीसियस जूनियर को पेनल्टी मिली, लेकिन डोनारुम्मा ने शानदार बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया।

**दूसरे चरण में सिटी के सामने बड़ी चुनौती**

इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने मुकाबले में मजबूत बढ़त बना ली है। अब दूसरा मुकाबला अगले सप्ताह इंग्लैंड में खेला जाएगा, जहां मैनचेस्टर सिटी को अगले दौर में पहुंचने के लिए बड़ी वापसी करनी होगी। वाल्वर्डे ने मैच के बाद कहा कि यह उनके लिए बेहद खास दिन था और टीम की जीत से वह बेहद खुश हैं।

# छग विस: वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विभागों के लिए 11 हजार 470 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित

## समुचित वित्तीय प्रबंधन के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित : वित्त मंत्री ओपी चौधरी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 11 हजार 470 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपये की अनुदान मांगें पारित कर दी गईं। इनमें वित्त विभाग के लिए 9 हजार 630 करोड़ 30 लाख 20 हजार रुपये, आवास एवं पर्यावरण विभाग के लिए 01 हजार 247 करोड़ रुपये, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के लिए 82 करोड़ 49 लाख 60 हजार रुपये तथा वाणिज्यिक कर विभाग के लिए 510 करोड़ 82 लाख 70 हजार रुपये शामिल हैं।

अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता, तकनीकी सुधार और समावेशी विकास के माध्यम से राज्य को मजबूत आर्थिक आधार देना है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के



बजट सत्र में आवास एवं पर्यावरण विभाग की मांगों पर चर्चा के दौरान मंत्री ओपी चौधरी ने विभागीय उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के समय गृह निर्माण मंडल की 442 करोड़ रुपये की 3219 संपत्तियां लंबे समय से अविक्रित थीं और मंडल पर शासकीय कॉलोनी निर्माण के लिए 735 करोड़ रुपये का ऋण था। राज्य शासन ने ऋण के एकमुश्त भुगतान के लिए बजट में व्यवस्था कर मंडल की वित्तीय स्थिति में सुधार किया।

मंत्री चौधरी ने कहा कि लंबे समय से अविक्रित संपत्तियों के विक्रय के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू की गई है। इसके तहत अब तक 1410 संपत्तियों का लगभग 210 करोड़ रुपये में विक्रय किया जा चुका है। भविष्य की परियोजनाओं के लिए मंडल ने मांग आधारित निर्माण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का उद्देश्य केवल मकान बनाना नहीं है, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है। मंडल द्वारा बेहतर वित्तीय स्थिति में आने उपरांत प्रदेश भर में नवीन प्रोजेक्ट प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा प्रदेश के 33 में से 27 जिलों में 3069 करोड़ के 78 नवीन प्रोजेक्ट की लॉचिंग की गई है जिसके अंतर्गत 16782 नवीन प्रापर्टी निर्माण का लक्ष्य है। जल्द ही मंडल द्वारा शेष जिलों में भी नवीन प्रोजेक्ट प्रारंभ किया जावेगा। मंडल के इस प्रयास को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बुकिंग प्रारंभ करने के लिए राज्य स्तरीय आवास मेला का आयोजन नवम्बर 2025 में किया गया, जिस दौरान 305 करोड़ की 1477 संपत्ति की बुकिंग केवल तीन दिनों में प्राप्त हुई।

### झाड़ग्राम के 12 स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशालाओं को मंजूरी, शिक्षकों की कमी बरकरार

**झाड़ग्राम :** जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के बावजूद राज्य शिक्षा विभाग ने आधुनिक प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए बड़ी राशि मंजूर की है। इस फैसले से शिक्षक, छात्र और अभिभावक खुश तो हैं, लेकिन पर्याप्त शिक्षक नहीं होने की समस्या भी लगातार सामने आ रही है। झाड़ग्राम जिले के नेताई हाईस्कूल में इस वर्ष 53 छात्रों ने माध्यमिक परीक्षा दी, जबकि स्कूल में जीवविज्ञान और भौतिक विज्ञान के शिक्षक ही नहीं हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने यहां आधुनिक प्रयोगशाला निर्माण के लिए लगभग 16 लाख 22 हजार रुपये मंजूर किए हैं। सूत्रों के अनुसार, जिले के कुल 12 स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इनमें लालगढ़ रामकृष्ण विद्यालय, बांसपहाड़ी केपीएससी हाईस्कूल, छातिनाशोल एससी हाईस्कूल, तपसिया विद्यासागर शिक्षायतन, चंद्रि चंद्रशेखर हाईस्कूल, चिचिड़ा हाईस्कूल और नयाग्राम थाना बालिका विद्यालय जैसे स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में प्रयोगशाला भवन के लिए करीब 12.50 लाख रुपये प्रति स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। वहीं नेताई हाईस्कूल, मेटाल हाईस्कूल, मानिकपाड़ा विवेकानंद विद्यापीठ, बारडांगा शिवाजी जूनियर हाईस्कूल और गोपीबल्लभपुर-एक गवर्नमेंट मॉडल स्कूल में प्रयोगशाला भवन और उपकरणों के लिए कुल 16.22 लाख रुपये प्रति स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। नेताई हाईस्कूल के प्रभारी प्रधान शिक्षक देवाशीष गिरी ने कहा कि छात्रों की पढ़ाई के लिए आधुनिक प्रयोगशाला बेहद जरूरी है, लेकिन स्कूल में गणित को छोड़कर विज्ञान का कोई शिक्षक नहीं है। स्कूल सूत्रों के मुताबिक, नेताई हाईस्कूल में फिलहाल सिर्फ पांच शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि सरकारी मानकों के अनुसार यहां कम से कम 13 शिक्षकों की जरूरत है। शिक्षकों की कमी के कारण कई छात्र पढ़ाई के लिए लगभग पांच किलोमीटर दूर लालगढ़ के स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं, जिससे स्कूल में छात्रों की संख्या 321 से घटकर 294 रह गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक (माध्यमिक) जगबंधु बनर्जी ने बताया कि जिले के 12 स्कूलों के लिए प्रयोगशाला भवन और उपकरण खरीदने के लिए करीब 1.68 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इन प्रयोगशालाओं में भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और भूगोल की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सराफा बाजार में चमका सोना, चांदी में मामूली गिरावट


एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। सोना आज 850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसके विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,320 रुपये से लेकर 1,63,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,49,710 रुपये से लेकर 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 2,89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,63,470 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## खाड़ी देशों में फंसे नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए विकल्पों पर विचार

एजेंसी

**काठमांडू :** खाड़ी देशों में फंसे नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर नेपाल सरकार लगातार विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है। नेपाल का विदेश मंत्रालय कूटनीतिक पहल तक के विकल्प पर विचार कर रहा है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई ने बताया कि उनके समन्वय में गठित आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम की बैठक आज भी जारी है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देशों से वापसी का इंतजार कर रहे पचास हजार नेपाली नागरिको की सुरक्षित वतन वापसी को लेकर



योजना तैयार की जा रही है। आज हुई बैठक में खाड़ी देशों के विमानस्थल पर ट्रांजिट के लिए फंसे नेपाली नागरिकों को प्राथमिकता में रख कर वापसी शुरू किए जाने के बाद इसको निरंतरता देने का फैसला किया गया। बुधवार रात को ही नेपाल एयरलाइंस का विशेष विमान भेजकर दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रांजिट में फंसे नेपाली नागरिकों का पहला जत्था आज सुबह काठमांडू पहुंचा है। विदेश सचिव राई ने बताया कि अब नियमित रूप से विशेष विमान भेज कर नेपाली नागरिकों को वहां से सुरक्षित लाने का फैसला किया गया है। इसके लिए नेपाल एयरलाइंस का विमान उपयोग किया जाएगा। साथ ही नेपाल सरकार ने फ्लाई दुबई और एमिरेट्स एयर के विमानों को भी नेपाली नागरिकों के सुरक्षित वापसी के लिए किराए पर लेने के का फैसला किया गया है। विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक खाड़ी देशों में रहे करीब 50 हजार नेपाली नागरिकों ने नेपाल वापसी के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया है। सरकार इनकी सुरक्षा की प्राथमिकता को तय कर इनके वापसी की सभी संभावनाओं पर काम कर रही है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समन्वय और पहल जारी रखने, जरूरत पड़ने पर उड़ान संचालन की संभावना का अध्ययन करने तथा आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नेपाल के कूटनीतिक मिशनों से संपर्क करने वालों को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## पश्चिम बंगाल में मौसम का बदला मिजाज, कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। कभी आसमान में बादल छा रहे हैं तो कुछ ही देर बाद तेज धूप निकल रही है। इस बीच अलीपुर मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में दक्षिण और उत्तर बंगाल के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही तेज और झोंकेदार हवाएं चलने का भी अनुमान है। गुरुवार सुबह से ही कोलकाता में आसमान बादलों से ढका रहा। मौसम विभाग के अनुसार शहर के कई इलाकों में छिटपुट बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। साथ ही वज्रपात को लेकर भी सतर्कता जारी की गई है। कोलकाता में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस



दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। दक्षिण बंगाल के हावड़ा, हुगली और दक्षिण 24 परगना सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। हालांकि बारिश के बावजूद तापमान में अधिक बदलाव की संभावना नहीं है। अधिक आर्द्रता के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटों में उत्तर बंगाल के कई जिलों में भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, मालदा तथा उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर जिलों के लिए विशेष सतर्कता जारी की गई है। वहीं सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों को विशेष सलाह देते हुए कहा है कि जिन खेतों में आलू की फसल तैयार हो चुकी है, उसे जल्द निकालकर सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें, क्योंकि अचानक बारिश से फसल को नुकसान हो सकता है। साथ ही आम लोगों को भी खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों में नहीं रहने की सलाह दी गई है।

## सरिस्का से बड़ी खुशखबरी: बाघिन ST-17 ने दिए तीन शावकों को जन्म

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान के प्रसिद्ध सरिस्का टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सरिस्का बाघ परियोजना क्षेत्र में बाघिन ST-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग ने कैमरा ट्रैप तस्वीरों और फील्ड मॉनिटरिंग के आधार पर इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। वन विभाग के अनुसार अकबरपुर रेंज क्षेत्र में लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघिन ST-17 अपने तीनों शावकों के साथ स्पष्ट रूप से नजर आई। शुरूआती निगरानी में बाघिन और शावकों की गतिविधियां सामान्य पाई गई हैं, जिससे अधिकारियों ने संतोष जताया है। अब मॉनिटरिंग टीम को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन ST-17 इससे



पहले भी सफल प्रजनन कर चुकी है। यह उसका दूसरा सफल मातृत्व है। तीन नए शावकों के जन्म से सरिस्का में बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जो संरक्षण प्रयासों की बड़ी सफलता मानी जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2004-05 में अवैध शिकार के कारण सरिस्का से बाघ पूरी तरह समाप्त हो गए थे। इसके बाद वर्ष 2008 में रणथंभौर नेशनल पार्क से बाघों का पुनर्स्थापन कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसे विश्व का पहला सफल टाइगर री-लोकेशन मॉडल माना जाता है। वन विभाग द्वारा सघन गश्त, कैमरा ट्रैप मॉनिटरिंग, शिकार रोकथाम, प्राकृतिक आवास संरक्षण और गांवों के पुनर्वास जैसे प्रयासों के चलते सरिस्का में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार नए शावकों के जन्म से सरिस्का की पारिस्थितिकी मजबूत होगी, साथ ही वन्यजीव पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि होने की संभावना है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में निचले स्तर से रिकवरी का रुख, दबाव के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी की स्थिति में सुधार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जबरदस्त वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी का रुख बनता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.68 प्रतिशत और निफ्टी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा, कोल इंडिया, ओएनजीसी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 0.25 प्रतिशत से लेकर 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त



के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एटरनल, इंटरग्लोब एविएशन, टीएमपीवी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो के शेयर 4.08 प्रतिशत से लेकर 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,616 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 441 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,175 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 4 शेयर हरे निशान में और 46 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 494.06 अंक की कमजोरी के साथ 76,369.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक करीब एक हजार अंक टूट कर 75,871.18 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार भी हुआ। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 524.48 अंक की गिरावट के साथ 76,339.23 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 192 अंक फिसल कर 23,674.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से पहले मिनट में ही यह सूचकांक उछल कर 23,690.85 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये थोड़ी ही देर में 310.55 अंक लुढ़क कर 23,556.30 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने निचले स्तर से रिकवरी शुरू कर दी। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 174.75 अंक की कमजोरी के साथ 23,692.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,863.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### काठमांडू में मध्य पूर्व के तनाव का एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पर असर

**काठमांडू :** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव का असर नेपाल में भी रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की आपूर्ति पर पड़ा है। कई गैस बिक्री डिपो बंद हो गए हैं, जबकि सीमित रूप से खुले डिपो पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार है। आज सुबह काठमांडू के बालाजु औद्योगिक क्षेत्र में उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े रहे। कुछ लोग भरा हुआ सिलेंडर खरीदकर लौटे, लेकिन गैस पाने वालों की संख्या सीमित है।

नेपाल में गैस और तेल का आयात भारत के रास्ते होता है। पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री और वितरण की व्यवस्था देखने वाली नेपाल ऑयल निगम समस्या के समाधान की कोशिश कर रहा है, लेकिन अभी तक स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण खाड़ी देशों में भी तनाव बढ़ गया है। ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान से जुड़े समुद्री मार्ग ह्यस्ट्रेट ऑफ होर्मुजह्न पर भी इस संघर्ष का असर पड़ा है, जिसके कारण इसी रास्ते से होने वाली गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की ढुलाई प्रभावित हुई है। इसका असर दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है।

### कूचबिहार में नर्स की जलने से मौत, पति गंभीर रूप से झुलसा

**कूचबिहार :** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में पारिवारिक विवाद के बीच एक सरकारी अस्पताल के नर्स की जलने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महिला के पति ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृत महिला की पहचान 35 वर्षीय छंदा राय के रूप में हुई है। वह कूचबिहार के एमजेएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। छंदा कूचबिहार शहर के बक्सीबाड़ी इलाके में किराए के मकान में रहती थीं। उनके पति रंजीत राय सिलीगुड़ी में वाहन चालक के रूप में काम करते हैं और बीच-बीच में पत्नी से मिलने आते थे। दंपति की एक बेटी है, जो कालिम्पोंग के एक स्कूल में पढ़ती है। बताया गया है कि हाल के दिनों में पति-पत्नी के बीच कई मुद्दों को लेकर विवाद चल रहा था और मामला एक बार थाने तक भी पहुंचा था, हालांकि छंदा ने पति के खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार शाम छंदा अस्पताल से लौटकर घर आई थीं। कुछ देर बाद उसका पति भी वहां पहुंचा। रात में दोनों के बीच जोरदार बहस और चीख-पुकार सुनाई दी। इसके बाद घर के अंदर आग लगने की घटना सामने आई। एक महिला प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को घर से भागते हुए देखा, जिसके शरीर में भी आग लगी हुई थी और वह कपड़े उतारकर वहां से भाग गया। उधर, घर के सामने गेट के पास छंदा राय गंभीर रूप से झुलसी हुई अवस्था में पड़ी मिलीं। उन्हें बचाया नहीं जा सका। वहीं घायल रंजीत भी घटनास्थल से ज्यादा दूर नहीं जा सके और उन्हें भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद के अलावा अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

### भाजपा नेता का महिलाओं पर टिप्पणी वाला वीडियो वायरल होने से नंदीग्राम में सियासी विवाद

**मेदिनीपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रलय पाल की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आरोप है कि एक वायरल वीडियो में प्रलय पाल ने महिलाओं के प्रति अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है। हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस वीडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है। इस घटना के विरोध में महिला तृणमूल कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रलय पाल की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार रात नौ बजे करीब बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने नंदीग्राम थाने का घेराव किया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता के खिलाफ नारेबाजी की और उसे गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रही। इसके पश्चात, महिला तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने नंदीग्राम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस को ज्ञापन सौंपकर आरोपित नेता के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। सत्तारूढ़ तृणमूल की ओर से राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि भाजपा के नेता महिलाओं के प्रति कितनी संकीर्ण मानसिकता रखते हैं। पूर्व मेदिनीपुर जिला तृणमूल अध्यक्ष सुजीत राय ने भी प्रलय पाल की आलोचना करते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली पार्टी के नेताओं के मुंह से ऐसी बातें सुनना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा नेता ने जानबूझकर नारी शक्ति का अपमान किया है। दूसरी तरफ, भाजपा के तमलुक जिला सह-अध्यक्ष आनंदमय अधिकारी ने कहा कि उन्हें अभी इस बात की पूरी जानकारी नहीं है कि यह टिप्पणी किस संदर्भ में की गई थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह देखना होगा कि वीडियो वास्तविक है या इसके साथ कोई छेड़छाड़ की गई है। इस बीच, प्रलय पाल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका पक्ष अभी तक सामने नहीं आ सका है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

### स्टॉक मार्केट में एल्फिन एग्रो की मामूली प्रीमियम के साथ एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली :** आटा, सूजी, मैदा और पीली सरसों तेल के बिजनेस में लगी कंपनी एल्फिन एग्रो इंडिया के शेयर ने आज स्टॉक मार्केट में सांकेतिक प्रीमियम के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 47 रुपये के भाव पर जारी किए गए। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 30 पैसे यानी 0.64 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 47.30 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 48.05 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन उसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 47.34 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.72 प्रतिशत के मामूली फायदे में थे।

एल्फिन एग्रो इंडिया का 25.03 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच मार्च से नौ मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.59 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 53.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3.68 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 5.08 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 3.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 101.45 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 124.71 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 146.44 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 117.72 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 7.23 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 7.60 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 12.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़ कर 12.69 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 3.61 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 7.29 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस मामूली गिरावट के साथ 6.73 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक ये 10.71 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2022-23 में 3.11 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 5.82 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 7.54 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक ये 6.68 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा।

न्यूज IN ब्रीफ

## पूजा सामग्री की दुकान में लगी आग



**दुमका :** शहर के टीन बाजार में पूजा सामग्री की एक दुकान में सुबह भीषण आग लग गई। मिली जानकारी के मुताबिक आग लगते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दमकल की दो टीमें मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हैं। घटना में लाखों रुपये के सामान जलने की खबर है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

## श्री श्री शिव शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक में नई कमिटी का गठन, उमाशंकर गिरि बने अध्यक्ष



**चक्रधरपुर :** पंडित हाता स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्री श्री शिव शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति की दूसरी बैठक प्रेम विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया। नई कमिटी में संरक्षक के रूप में प्रो. रामनाथ प्रसाद, राजेश गुप्ता, फुलनदेव गिरि, सतेन्द्र पांडेय, प्रेम विश्वकर्मा और वनवारी लाल अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई। वहीं अध्यक्ष पद पर उमाशंकर गिरि को चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में मनोज जिंदल और राजेश्वर प्रसाद राज मिश्रा का चयन किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी आशिष पांडेय और हरि शर्मा को दी गई, जबकि सह सचिव के रूप में विवेक साव और रिक्की छाबड़ा को नियुक्त किया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर दीपक गुप्ता तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में राम साव को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई कमिटी को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके परे` सतेन्द्र पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद,प्रेम विश्वकर्मा, सुमित पोद्दार,आशिष पांडेय, जुगनू ठाकुर, जितेन्द्र साव, सुनील साव, नारायण साव दिपक गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने की बस एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक



**दुमका :** जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में बुधवार को बस एसोसिएशन दुमका के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलने वाले बसों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने टैक्स बकाया (टैक्स डिफॉल्टर) वाहनों के संचालकों को निर्देश दिया कि वे अपने वाहनों का लंबित टैक्स जल्द से जल्द अद्यतन कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन वाहनों का टैक्स लंबित पाया जाएगा, उनके खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही बसों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। बस संचालकों को कहा गया कि वे बसों में अनुशासन बनाए रखें और किसी भी प्रकार की असुविधा या असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न न होने दें।

बैठक में बस एसोसिएशन के सदस्यों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे जिनमें निम्न बिंदु महत्वपूर्ण है

1. बस स्टैंड के अंदर तथा बाहर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन कराया जाए।
2. बस स्टैंड के बगल वाली सड़क पर बिकने वाली मादक एवं नशा वाली पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया जाय।

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा उक्त बिंदुओं पर वरीय पदाधिकारी से बात कर कार्रवाई करने की बात कही गई है। सभी बस संचालकों को निर्देश दिया गया कि सड़क पर यत्र-तत्र वाहन को पार्क नहीं करेंगे और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करेंगे। इस बैठक में मोटरयान निरीक्षक एवं बस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव एवं अन्य बस के स्वामी उपस्थित थे।

## वन भूमि के संरक्षण को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा -निर्देश

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय कक्ष में राजस्व शाखा की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (टी०एन० गोदावरन थिरूमुलकपाद बनाम भारत संघ) के मामले में पारित आदेशों की समीक्षा और अनुपालन सुनिश्चित करना हैं। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने मामले के आलोक में वन भूमि के संरक्षण और उसके सटीक सीमांकन को लेकर राजस्व अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि गैर-वानिकी कार्यों के लिए वन भूमि के उपयोग पर न्यायालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन किया जाए। आगे बैठक के दौरान राजस्व शाखा और वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर भूमि अभिलेखों के अद्यतनीकरण और मिलान की समीक्षा की गई, ताकि किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या अवैध निर्माण को रोका जा सके। साथ ही उपायुक्त ने निर्देश दिया कि चिन्हित वन क्षेत्रों या आदेश के दायरे में आने वाली विवादित भूमियों पर यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाता है, तो उस पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा बैठक के माध्यम से सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे न्यायालय के आदेशों के आलोक में लंबित मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से करें।

# डीएलएसए चाईबासा की त्वरित पहल से परिवार से बिछुड़ा बालक सकुशल परिवार को सौंपा गया

संवाददाता

**चाईबासा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा द्वारा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन तथा सचिव रवि चौधरी के नेतृत्व में ह्लबाल सुरक्षाह्व के तहत एक सराहनीय कार्य किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर साप्ताहिक हाट क्षेत्र में एक छोटा बालक भटकता हुआ पाया गया, जो अपने माता-पिता अथवा गांव के बारे में कुछ भी स्पष्ट रूप से बता पाने में असमर्थ था। सूचना मिलते ही जगन्नाथपुर थाना में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वालंटियर (पी एल वी) उमर सादिक ने त्वरित पहल करते हुए मौके पर पहुँचकर स्थिति का संज्ञान लिया तथा बच्चे को सुरक्षित रूप से जगन्नाथपुर थाना लाया गया।

बच्चे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसका प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही यह भी पाया गया कि बच्चा उचित वस्त्रों में नहीं था, जिस पर मानवीय पहल करते हुए पारा लीगल वालंटियर द्वारा बच्चे के लिए कपड़ों की व्यवस्था की गई तथा रात में सुरक्षित रखने के लिए अस्पताल के एमटीसी वार्ड में अस्थायी आश्रय की व्यवस्था की गई।



इसके पश्चात मामले की सूचना संबंधित विभागों को देते हुए बाल कल्याण समिति (सी डबल्यू सी) को अवगत कराया गया तथा बच्चे की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थानीय समाचार माध्यमों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी सूचना प्रसारित की गई।

इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। सूचना प्रसारित होने के कुछ ही समय बाद बच्चे के परिजन जगन्नाथपुर थाना पहुँचे। पहचान की पुष्टि एवं आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बच्चे को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

डीएलएसए चाईबासा द्वारा की गई यह त्वरित एवं मानवीय पहल ह्लबाल सुरक्षाह्व अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे यह संदेश जाता है कि जरूरतमंद और असहाय बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए विधिक सेवा प्राधिकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

ज्ञात हो कि हाल के दिनों में बच्चा चोरी से संबंधित विभिन्न मामलों के मद्देनजर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पिछले सप्ताह रांची में ह्लप्रोजेक्ट बाल सुरक्षाह्व की शुरूआत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य ऐसे असहाय अथवा भटके हुए बच्चों की तत्काल सहायता सुनिश्चित करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था करना है।

## डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के आलोक में जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करना था।



उपायुक्त श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य, पोषण, महिला एवं बाल विकास तथा पशुपालन सहित अन्य निर्धारित सूचकांकों की क्रमवार समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित गति लाने का निर्देश दिया। टीकाकरण कार्यक्रम एवं वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुदृढ़ माइक्रो-प्लान तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ एएनएम को टैग करने का निर्देश दिया।

बैठक में अवगत कराया गया कि वैक्सीनेटर की उपलब्धता नहीं होने से पशु टीकाकरण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि जेएसएलपीएस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मानव संसाधन उपलब्ध कराएं तथा पशुधन टीकाकरण अभियान में तेजी लाएं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं पशुधन सुरक्षा को मजबूती मिल सके।

पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में टीएचआर वितरण कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वयं इसकी नियमित निगरानी करें।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित जिला स्तरीय सभी सूचकांकों में तीव्र प्रगति सुनिश्चित करते हुए आगामी अप्रैल माह तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकास सूचकांकों में सुधार से जिले की समग्र रैंकिंग एवं सेवा वितरण प्रणाली दोनों सुदृढ़ होंगी। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे.

## दुमका में 21 को होगा भगवती जागरण, नामी कलाकार देंगे प्रस्तुति

दुमका : जय माता दी सेवा समिति, दुमका के तत्वावधान में आगामी 21 मार्च 2026 (शनिवार) को स्थानीय यज्ञ मैदान में विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा यह जागरण पिछले 28 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता रहा है, जबकि इस वर्ष यह आयोजन अपने 29वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसे यादगार और भव्य बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य पूरी तन्मयता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं।

समिति के अनुसार इस वर्ष जागरण को अत्यंत भव्य स्वरूप देने के लिए कई विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत देश के प्रसिद्ध जागरण कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से अजय भारती, रूपा सिंह तथा भोजपुरी कलाकार सुरभि सिंह के अलावा कई अन्य कलाकार अपनी भक्तिमय स्वरलहरियों से पूरे शहर के वातावरण को भक्तिरस से सराबोर करेंगे।

इसके साथ ही कानपुर की विश्वप्रसिद्ध झांकी मंडली भी इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। झांकियों में गंगा अवतार, नरसिंह अवतार, ब्रज की होली, राधा-कृष्ण की रासलीला, महिषासुरमर्दिनी, कृष्ण-सुदामा मिलन सहित कई नई और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो जागरण की रात को अविस्मरणीय बना देंगी। कार्यक्रम के अवसर पर यज्ञ मैदान से लेकर पूरे दुमका शहर तक आकर्षक फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से साज-सज्जा की जाएगी। शहर में लगभग एक दर्जन भव्य तोरण द्वार बनाए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। जागरण के दिन सुबह से ही पूरे शहर में भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देगी और श्रद्धालु माता वैष्णो देवी की भक्ति में रात भर झूमते नजर आएंगे।

जागरण स्थल यज्ञ मैदान में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। वहीं माता को चढ़ावे के लिए गंगाजल से शुद्ध किए गए नारियल और चुनरी के दो स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अलग-अलग स्टॉल से प्रसाद कूपन लेकर नारियल और चुनरी प्राप्त कर सकेंगे। कूपन के आधार पर अगले दिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान धर्मस्थान मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दिन यहां मां काली का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। मां काली की महाआरती के पश्चात श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में गाजे-बाजे के साथ मां की पावन ज्योति को धर्मस्थान मंदिर से जागरण स्थल यज्ञ मैदान तक लाया जाएगा। ज्योति आगमन के साथ ही यहां माता वैष्णो रानी का भव्य स्वागत किया जाएगा और पूरा वातावरण ह्लजय माता दीङ्क जय माता दीङ्कह्व के जयघोष से गूंज उठेगा। भगवतीजागरण के अगले दिन प्रातः कुंवारी कन्या पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात रविवार की संध्या में गाजे-बाजे के साथ शहर भ्रमण करते हुए बड़ा बांध तालाब में कलश विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## पीजी में रहने वाली छात्राओं को नहीं मिल रहा गैस

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर में सबसे ज्यादा छात्राएं पीजी में रहकर पढ़ाई करती है। यहां गैस की किल्लत साफ देखने को मिल रही है। पीजी में रहने वाली छात्राओं ने बताया कि वे लोग ब्लैक मार्केट से गैस भरवाती है। इसके लिया पूर्व में प्रति किलो सौ रुपए लगते थे पर अब ब्लैक में भी गैस मिलना मुश्किल हो रहा है। जहां मिल रहा है वह मनमाना दाम वसूल रहे है। अब उन्हें मजबूरी में दो सौ रुपए प्रति किलो तक गैस भरवाना पड़ रहा है। कई छात्राएं होटल में खाना खाने को मजबूर है जिससे उनकी बचत पर भी असर पड़ रहा है।

## सदर एसडीएम ने रामनवमी कमिटी के कार्यालय का किया उद्घाटन




मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर मेदिनीनगर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार कोशहर के दुर्गा मंडप परिसर में श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) का रामनवमी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही रामनवमी महोत्सव से जुड़ी गतिविधियों और तैयारियों को औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दिया गया।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर रामनवमी समिति एवं श्री महावीर नवयुवक दल के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल ) के अध्यक्ष मंगल सिंह, महामंत्री मनोहर कुमार लाली , गणेश गिरी, बबलू गुप्ता, विजय ओझा, सुरेश जैन, पंकज जायसवाल,चैनपुर अध्यक्ष चंदू, रामनाथ चन्द्रवंशी, दीपू सर्राफ, प्रदीप सिन्हा, दिनेश द्विवेदी, किशोर सिन्हा, रंजीत चंद्रवंशी, विवेक चौबे, राजकुमार गुप्ता , उतम सिंह, अभिजीत देव , मनीष वर्मन,राजकुमार वर्मन, बृजेश शुक्ला, सहित समिति के अन्य पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने रामनवमी पर्व को भव्य, शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रशासन और समिति के संयुक्त सहयोग से पर्व को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि मेदिनीनगर में रामनवमी का पर्व हर वर्ष बड़े उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष भी मनाया जाएगा ।

## सन्नी उरांव 14 को संभालेंगे अपना पदभार

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** 14 मार्च चक्रधरपुर नगर परिषद के लिए काफी ऐतिहासिक दिन है इसी दिन शनिवार चक्रधरपुर नगर परिषद के नए अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करने के पश्चात सन्नी उरांव अपना पदभार संभालेंगे।

वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए लगभग विजय कुमार साव का नाम तय माना जा रहा है वही चक्रधरपुर नगर परिषद के कुल 23 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दिन होगा और वह अपने दायित्व और पद का निर्वहन करने लगेंगे ।

23 फरवरी को संपन्न हुए चुनाव तथा 28 फरवरी को चुनावी परिणाम आने के पश्चात चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में सन्नी उरांव का जीत काफी



ऐतिहासिक रहा।

इस प्रकार से श्री उरांव झारखंड के युवा और सबसे कम उम्र के नगर परिषद अध्यक्ष भी बने हैं ।

अध्यक्ष के आगमन का बेसब्री से चक्रधरपुर नगर परिषद इंतजार कर रहा है झारखंड राज्य बनने के पश्चात सन्नी उरांव तीसरे अध्यक्ष चुने गए हैं इससे पूर्व रोशनी टोप्पो और कृष्ण देव शाह जैसा अध्यक्ष रह चुके हैं।

# अपने समाज को नशामुक्त बनाने में सभी की भूमिका अहम : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने नशामुक्त जिला बनाने की दिशा में समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, ताकि हर साल लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके।

इसके अलावा मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि हम सभी को नशे पर नकेल कसने के लिए खुद को जागरूक करते हुए दूसरों को भी जागरूक करना है। इस संकल्प से ही हम जिले को नशामुक्त बना सकते हैं। आगे उपायुक्त ने कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रथ जिले के सभी दस प्रखंडो के 194 पंचायतों में लोगों को जागरूक करेगा, ताकि इसके दुस्परिणाम व इससे होने वाले हानि से सभी को अवगत कराया जा सके। वर्तमान में नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है।

वर्तमान में सामाजिक कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों से आग्रह होगा कि नशामुक्ति के लिए सभी मिलजूल कर कार्य करें, ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।




नशे के दुष्प्रभाव को लेकर दूसरों को भी करे जागरूक....

उपायुक्त ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के महत्व, नशे के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, पारिवारिक कलह तथा सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया जाएगा।

मौके पर जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता शैलश प्रियदर्शी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।